हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–180 : जौनपुर, बुधवार 20 अक्टूबर 2021 सान्ध्य दैनिक (संस्करण) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

पीएम मोदी द्वारा कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का किया गया शुभारंभ

गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : पूर्वांचल व बिहार के लोगों के लिए आज का दिन काफी अहम होने जा रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश के सबसे लंबे रनवे वाले तीसरे इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन किया कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहली फ्लाइट श्रीलंका से आई, जिसमें राष्ट्रपति राजपक्षे समेत 100 बौद्ध भिक्षु आए प्रधानमंत्री मोदी खुद उनका स्वागत किऐ इसके अलावा प्रधानमंत्री 9 मेडिकल कॉलेज का वर्चुअली शिलान्यास भी करेंगे.इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहें। प्रधानमंत्री भगवान बुद्ध के महानिर्वाण मंदिर भी गये और पूजा अर्चना किये. यह पहला मौका है जब देश का कोई प्रधानमंत्री कुशीनगर की जमीन पर कदम रखा. इससे पहले इंदिरा गांधी यहां आईं थीं, लेकिन वह उस वक्त प्रधानमंत्री नहीं थीं. माना जा रहा है कि कुशीनगर की धरती से प्रधानमंत्री पूर्वांचल की सियासत को भी साधेंगे. पीएम मोदी आज यहां एक जनसभा को भी संबोधित कर बीजेपी के पक्ष में माहौल बनाते नजर आए। केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से इस एयरपोर्ट को 260 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है. इसका टर्मिनल 3 हजार 600 वर्ग मीटर में फैला हुआ है. नया टर्मिनल भीड़भाड़ वाले समय में 300 यात्रियों को आने–जाने की सुविधा देगा. कुशीनगर एक अंतरराष्ट्रीय बौद्ध तीर्थ केन्द्र है, जहां भगवान गौतम बुद्ध ने महापरिनिर्वाण हासिल किया था। कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का रनवे 3.2 किमी लंबा और 45 मीटर चौड़ा है, जो उत्तर प्रदेश का सबसे लंबा रनवे है. इसके रनवे पर हर घंटे 8 फ्लाइट आ–जा सकती हैं. इतना ही नहीं, इस एयरपोर्ट पर ऐसे इंतजाम किए जा रहे हैं, ताकि

यहां दिन के साथ–साथ रात में भी आसानी से उड़ान भरी जा सके. 5 मार्च 2019 को एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और यूपी सरकार के बीच समझौता हुआ था. 24 जून 2020 को इसे इंटरनेशनल एयरपोर्ट घोषित किया गया था। इस एयरपोर्ट से श्रीलंका, जापान, चीन, ताइवान, साउथ कोरिया, थाईलैंड, सिंगापुर और वियतनाम जैसे दक्षिण एशियाई देशों के लिए डायरेक्ट फ्लाइट होगी. यहां आने वाले यात्री लुम्बिनी, बोधगया, सारनाथ और कुशीनगर की यात्रा कर सकते हैं. इसके साथ ही श्रावस्ती, कौशांबी, संकीशा, राजगीर और वैशाली की यात्रा भी कम समय में हो जाएगी।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने एआईसीटीई को लगाई फटकार, टूटा को मिली जीत

आर एल पाण्डेय दिल्ली। टेक्निकल यूनिवर्सिटीज टीचर्स एसोसिएशन 'टूटा' द्वारा कई निजी इंजीनियरिंग शिक्षण संस्थानों के विरुद्ध नियमों की अनदेखी (वेतन आयोग के अनुसार वेतन न देना खासकर राज्य सरकार द्वारा निर्धारित डीए ना देना, फर्जी शिक्षकों का नाम एआईसीटीई और विश्वविद्यालय को देना, अवैध टर्मिनेशन, इत्यादि) के कारण एआईसीटीई में शिकायत दर्ज कराई गई, जिसमे कुछ गाजियाबाद एवं ग्रेटर नोएडा के नामी गिरामी संस्थान शामिल थे। एआईसीटीई ने अपने फैसले में माना कि संस्थान एआईसीटीई के नियमुसार नहीं चल रहे हैं एआईसीटीई द्वारा दिए और शिक्षकों की संख्या वेरीफाई करने के लिए सैलरी ट्रांसफर का बैंक स्टेटमेंट और टीडीएस की कॉपी मांगने पर भी संस्थानों ने उपलब्ध नहीं कराया स उसके बाद भी एआईसीटीई ने लीपापोती करते हुए उन्हें वेतन आयोग के अनुसार वेतन देने का आदेश पारित किया किन्तु साथ ही साथ संस्थानों के मालिकों के दवाब में टूटा को भविष्य में शिकायत करने से रोकने का आदेश पारित किया था। इससे कॉलेज संस्थाओं को एक राहत मिली कि अब वो अपनी मन मानी कर सकते हैं। इसके फैसले के विरुद्ध टूटा दिल्ली हाई कोर्ट गया और कोर्ट ने एआईसीटीई को आदेश दिया कि वो टूटा को एक बार फिर से सुने और पूरे मुद्दे को पुनर्विचार करें। टूटा सचिव गौरव शर्मा ने बताया कि यह जीत सिर्फ टूटा पदाधिकारियों की ही नहीं अपितु हजारों शिक्षकों की भी है और इस जीत के लिए संघर्षरत रहे टूटा संस्थापक और अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार को सभी शिक्षकों द्वारा बधाई दी गई । उन्होंने बताया की उनका आंदोलन अब एक बार फिर से उठ खड़ा होगा और संस्थानों की मनमानी नहीं चलने देगा। प्रो. धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि प्रदेश के दो बड़े कॉलेज यह दावा करते हैं उनके द्वारा दिया जाने वाला डीए का प्रतिशत सबसे ज्यादा है, जो कि 68 से 72 प्रतिशत के लगभग है और छात्रों की फीस बढ़ने पर ही कॉलेज डीए प्रतिशत बढ़ा सकते हैं, यह दावा बिलकुल खोखला है क्योंकि छात्रों की फीस छठवें वेतन अयोग को ध्यान में रखकर ही तय की जाती है। अभिभावक मोटी फीस छठवें और सातवें वेतन आयोग के हिसाब से ही फीस दे रहे हैं किंतु शिक्षक को तकरीबन 82 प्रतिशत वेतन कम मिल रहा है जिससे शिक्षा की गुणवाता पर भी असर आता है। उन्होंने यह भी बताया कि तकनीकी शिक्षा की अच्छी गुणवत्ता, शिक्षकों के अधिकार, छात्रों के अधिकार एवं शिक्षण संस्थान को सुचारू रूप से चलाने के लिए संगठन हर तरीके से संघर्ष जारी रखेगा स यह जीत 5 लाख से अधिक शिक्षकों के साथ–साथ 12 लाख से अधिक छात्र एवं अभिभावकों के लिए भी है जो इस तरह के संस्थानों में पूरे भारत में पढ़ाई कर रहे हैं।

सपा–सुभासपा का गठबंधन तय, इसकी घोषणा कर सकते है अखिलेश–राजभर : ट्वीट कर दी जानकारी

लखनऊ ब्यूरो : ओमप्रकाश राजभर की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी और समाजवादी पार्टी में गठबंधन हो गया है। इसका एलान अब से कुछ ही देर में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव व सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर प्रेस कांफ्रेंस कर करेंगे। बताया जा रहा है कि दोनों नेताओं में 14 सीटों पर सहमति बनी है। राजभर ने बुधवार को अखिलेश यादव से मुलाकात की। इसके पहले राजभर के भाजपा से गठबंधन करने के कयास लगाए जा रहे थे। सपा ने ट्वीट कर इसकी घोषणा कर दी है। ट्वीट में कहा गया है कि वंचितों, शोषितों, पिछड़ों, दलितों, महिलाओं, किसानों, नौजवानों, हर कमजोर वर्ग की लड़ाई समाजवादी पार्टी और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी मिलकर लड़ेंगे। सपा और सुभासपा आए साथ, यूपी में भाजपा साफ! अखिलेश यादव से मुलाकात के बाद राजभर ने बयान दिया कि आज अखिलेश यादव से मुलाकात हुई। हमने गठबंधन के लिए सपा, बसपा, कांग्रेस और भाजपा को निमंत्रण दिया था। अखिलेश यादव ने हमारे न्योते को स्वीकार किया। हमारी उनसे एक घंटे बात हुई। 27 तारीख को महापंचायत रखी गई है जिसमें वंचित, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग के लोग शामिल होंगे। सीटों के लिए 27 के बाद बैठ कर बात कर लेंगे। उन्होंने कहा कि सपा एक सीट भी नहीं देगी तो भी हम उनके साथ रहेंगे। राजभर ने कहा कि इस समय प्रदेश में भाजपा नफरत की राजनीति कर रही है। व्यापारी और नौजवान सभी परेशान हैं। उन्होंने ये भी कहा कि भागीदारी संकल्प मोर्चा में सीटों का विवाद नहीं है।

श्रेष्ठ मानव संसाधन के विकास की कार्यशाला है एनसीसी : कर्नल आरके सिंह

डी के यू गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : एनसीसी देश का सबसे बड़ा युवा संगठन है। आजकल इस संगठन में लगभग 17 लाख युवा हैं। इसका उद्देश्य देश के लिए श्रेष्ठ मानव संसाधन का विकास करना है। श्रेष्ठ मानव संसाधन ही देश को विकसित राष्ट्र बना सकता है। ये बातें 45 यूपी बटालियन के सीओ व कैंप कमांडर कर्नल आरके सिंह ने कही। वे मंगलवार को श्रीमती द्रोपदी देवी पीजी कालेज में आयोजित सीएटीसी 152 कैंप के उद्घाटन अवसर पर कैडेटों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के कारण पांच दिवसीय कैंप आयोजित है। जिसमें सभी लोगों को केवल दिन में ही प्रशिक्षण व पढ़ाई कराई जाएगी। हमारा प्रयास होगा कि आप सभी कैंप से वापस घर लौटे तो आप मांसिक व चारित्रिक रूप से मजबूत होने के साथ ही अनुशासन प्रिय हों। कैंप के दौरान ड्रिल, फायरिंग, मैप रीडिंग, व्यक्तित्व विकास, राष्ट्रीय एकता, चरित्र निर्माण, स्वच्छता एवं सफाई आदि विविध

विषयों की जानकारी दी जाएगी। जो जीवनपर्यंत काम आवे। इस अवसर पर डिप्टी कैंप कमांडेंट ले. कर्नल भूपेंद्र सिंह, कैंप एड्जूटेंट कैप्टन बिंदू कुमार, ले. विमलेश सिंह, ले. शशिमौलि त्रिपाठी, ले. वाहिद अली, ले. आरएस यादव, एसएम एसपी गावली, एनसी ठकुरी, रमेश कुमार आदि सहित सैंकड़ों कैडेट उपस्थित रहे।

बेलघाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साफ–सफाई की व्यवस्था खराब ,आशा कार्यकर्ताओं ने जताया आक्रोश

गोरखपुर खंजनी ब्यूरो रवि कुमारः बेलघाट ब्लॉक का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहां साफ–सफाई की व्यवस्था बहुत ही बदतर है आशा कार्यकर्ताओं का कहना है कि यहां पर ना किसी बेड पर चादर मौजूद रहता है ना यहां पर साफ सफाई की कोई व्यवस्था है। बेलघाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आए मरीजों तथा आशा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि यहां पर महिला शौचालय में हमेशा ताला लगा रहा था जिससे गर्भवती महिलाओं को बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बेलघाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जो भी गर्भवती महिलाएं आती हैं उन्हें शौच के लिए इधर उधर जाना पड़ता है तथा इलाज के दौरान जो दवाइयां लगती हैं उनको मेडिकल स्टोर से मंगाया जाता है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का जायजा लेने पर पता चला कि कहीं शौचालय में ताला तो कहीं गंदगी से भरा पड़ा स्वास्थ्य केंद्र तो कहीं पेट पर चादर ही नहीं है। बेलघाट में तीन एंबुलेंस करीब 1 साल से खराब पड़े हैं लेकिन उस इसे देखने कोई नहीं आता है। मौके पर

मौजूद आशा कार्यकत्री शांति सिंह राजेश्वरी देवी विंध्यवासिनी देवी सोनी मौर्या, मुन्नी देवी मालती देवी सुधा राय किरण श्रीवास्तव, गंगोत्री देवी, अमरावती यादव, लालती देवी, नीलम सिंह, तथा नीलम भारती एवं अन्य आशा कार्यकर्ती मौके पर मौजूद थीं।

अरुण वाल्मीकि के परिजनों से मिलने आगरा जा रहीं प्रियंका गांधी को पुलिस ने रोका, हिरासत में हुई थी मौत

लखनऊ ब्यूरो : आगरा जा रहीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के काफिले को आगरा एक्सप्रेस वे के एंट्री पॉइंट पर रोक लिया गया। प्रियंका आगरा जाने के लिए अड़ी हैं। वह वहां पुलिस कस्टडी में मारे गए व्यक्ति के परिजनों से मिलने जा रही हैं। पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया है। इस पर जानकारी देते हुए प्रियंका गांधी ने ट्वीट किया कि अरुण वाल्मीकि की मृत्यु पुलिस हिरासत में हुई। उनका परिवार न्याय मांग रहा है। मैं परिवार से मिलने जाना चाहती हूं। उत्तर प्रदेश सरकार को डर किस बात का है? क्यों मुझे रोका जा रहा है। आज भगवान वाल्मीकि जयंती है, पीएम ने महात्मा बुद्ध पर बड़ी बातें की, लेकिन उनके संदेशों पर हमला कर रहे हैं। उन्होंने पूछा कि क्या आगरा में पुलिस हिरासत में मारे गए अरुण वाल्मीकि के लिए न्याय मांगना अपराध है? भाजपा सरकार की पुलिस मुझे आगरा जाने से क्यों रोक रही है। क्यों हर बार न्याय की आवाज को दबाने की कोशिश की जाती है? मैं पीछे नहीं हटूंगी। इसके पहले उन्होंने कहा था कि किसी को पुलिस

कस्टडी में पीट–पीटकर मार देना कहां का न्याय है? आगरा पुलिस कस्टडी में अरुण वाल्मीकि की मौत की घटना निंदनीय है। भगवान वाल्मीकि जयंती के दिन उप्र सरकार ने उनके संदेशों के खिलाफ काम किया है। उच्चस्तरीय जांच व पुलिस वालों पर कार्रवाई हो व पीड़ित परिवार को मुआवजा मिले।

पिता के साथ मेला देखने गई चार साल की बच्ची से दुष्कर्म, पड़ोंसी गिरफ्तार

लखनऊ ब्यूरो : विभूतिखंड इलाके में पड़ोस में रहने वाले एक अधेड़ ने चार साल की मासूम के साथ दुष्कर्म किया। मां की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। विभूतिखंड इलाके में रहने वाले व्यक्ति के पड़ोस में राकेश यादव नाम का व्यक्ति रहता है जो एक नामी ज्वेलर्स की दुकान में काम करता है। पड़ोसी होने के कारण राकेश को बच्ची व उसके परिवारीजन अच्छी तरह से जानते है। दशहरे के दिन बच्ची अपने मां–पिता के साथ मेला देखने गई थी। इसी बीच मासूम का पिता अपने अन्य बच्चों के लिए खिलौना खरीदने लगा। तभी मेले में राकेश यादव पहुंचा। उसने मासूम को अपने पास बुलाया। राकेश उसे लेकर गोमतीनगर स्टेशन के पास गया जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद बच्ची को वहीं छोड़कर भाग गया। बच्ची के अचानक मेले से गायब होने पर पिता उसकी तलाश करने में जुट गया। इसी बीच राकेश वहां पहुंचा। उसने बताया कि बच्ची को गोमतीनगर रेलवे स्टेशन की तरफ देखा है। परिवारीजन वहां पहुंचे तो वहां मासूम की हालत खराब देख पूछताछ की। तब मासूम ने वारदात के बारे में जानकारी दी। पिता की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मासूम को अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका इलाज चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक विभूतिखंड चंद्रशेखर सिंह के मुताबिक, पीड़िता के पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया था। आरोपी को वारदात की रात को ही दबोच लिया था, उससे पूछताछ की गई तो उसने जुर्म भी कुबूल कर लिया। उसे जेल भेज दिया गया है।

आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

खजनी थाना क्षेत्र में पैगम्बर मुहम्मद के जन्मदिन ''बारावफात'' की धूम

गोरखपुर खंजनी ब्यूरो रवि कुमारःइंस्पेक्टर खजनी अजय कुमार मौर्य के देखरेख में बाराफात का जुलूस निकाला गया। परचम कुशायी के बाद शुरू हुआ जुलूस निकालने का सिलसिला। इस्लाम धर्म के पैगंबर मोहम्मद साहब (स0अ0) का जन्मदिन ''बरावफात'' बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रातः काल शहर की सभी मस्जिदों में नमाज के बाद तिलावते कलाम ए पाक और मिलाद का आयोजन किया गया। विभिन्न ईद मिलादुन्नबी कमेटियों के तत्वाधान में परचम कुशायी का कार्यक्रम मिष्ठान वितरण के साथ संपन्न हुआ खजनी में प्रशासन के निगरानी में निकला धूमधाम से बारावफात का जुलूस कई गाँव के जलूस हुए शामिल मौके पर उप निरीक्षक अरविंद राय कांस्टेबल संजय सिंह, राहुल मौर्या ,मय फोर्स के साथ दिखे मुस्तैद।

महान सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य की जन्मस्थली घोषित करें : काली शंकर

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : समाजवादी पार्टी के नेता काली शंकर ने सरकार से मांग किया है कि चौरीचौरा तहसील के राजधानी और आसपास के गांव का पुरातत्विक सर्वेक्षण करा कर महान सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य की जन्मस्थली घोषित करें। काली शंकर ने बताया कि मेरी मांग पर पूर्व में भी पुरातत्व विभाग की टीम क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी नरसिंह त्यागी जी की अगुवाई में आई थी और इस क्षेत्र का सर्वेक्षण किया था जिसमें बहुत सारे महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं। काली शंकर ने कहा कि तमाम विद्वानों ने भी अपने प्रमाणित पुस्तकों में इस क्षेत्र का उल्लेख चंद्रगुप्त मौर्य की जन्म स्थली के रूप में किया है और हमारे रिसर्च और सर्वेक्षण में जो बहुत सारे साक्ष्य मिल रहे हैं वह इंगित करते हैं यही चंद्रगुप्त मौर्य ने जन्म लिया है। काली शंकर ने बताया कि उन्होंने आज क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी नरसिंह त्यागी जी से वार्ता कर मांग किया है जल्द से जल्द पुनः इस क्षेत्र का पुरातत्विक सर्वेक्षण कर स्थिति को स्पष्ट किया जाए जिस पर क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी ने कहा कि 9 या 10 नवंबर से हम यहां सर्वेक्षण करेंगे।

भाजपा की जिला बैठक संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भाजपा की कामकाजी बैठक का आयोजन टी डी महिला पी जी कालेज में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में काशी क्षेत्र के विस्तारक प्रमुख नागेश्वर सिंह रहें। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष सिंह एवं संचालन पीयूष गुप्ता ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि ने सभी मंडलों के मंडल प्रभारी को संबोधित करते हुए

उनके प्रभार वाले मंडल में संगठनात्मक अभियान व आयाम की जानकारी प्राप्त की। मुख्य अतिथि ने विस्तार से मण्डल अध्यक्ष को नियमित बैठक करने को कहा और कब, कहा और क्यों बैठक हो रहा है उसका विस्तार से चर्चा की और कौन–कौन लोग उस बैठक में भाग लेंगे उस पर भी विस्तार से चर्चा की। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री सुनील तिवारी, सरदार सिंह, राकेश सिंह, अजीत प्रजापति, विजय लक्ष्मी साहू, धनंजय सिंह, जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह, किसान मोर्चा अध्यक्ष नरेंद्र उपाध्याय, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष अनिल गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष रागिनी सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष दिव्यांशु सिंह, किसान मोर्चा महामंत्री इंद्रसेन सिंह, पिछड़ा मोर्चा के महामंत्री प्रमोद प्रजापति, अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष अजय सरोज, उपाध्यक्ष अवधेश सोनकर, मंडल अध्यक्ष गण विनोद शर्मा, बलवीर गौड़, विनोद मौर्य, वंश बहादुर पाल, राम स्वारथ बिंद, भोला सिंह भीम, विकास शर्मा, अमित श्रीवास्तव, राज केसर पाल, मदन सोनी, धर्मेंद्र मिश्रा, नरेंद्र विश्वकर्मा, अजय मिश्रा, जितेंद्र मिश्रा, भूपेश सिंह, शैलेश सिंह, संतोष गुप्ता, चंद्रेश गुप्ता, सुरेंद्र विक्रम सिंह, महेंद्र बिंद, दिलीप शर्मा, शाहगंज मंडल महामंत्री चिंताहरण शर्मा आदि उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

समय और भाग्य पर कभी अहंकार मत करो, क्योंकि ये दोनो परिवर्तनशील हैं–

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

सम्पादकीय

अमंगल हारी हैं देवाधिदेव भगवान शिव

भारत में सर्वाधिक महत्व जिस देव का है, वो देवाधिदेव भगवान शिव ही हैं, जो आज भी समूचे भारतवर्ष में उतने ही पूजनीय और वंदनीय हैं, जितने सदियों पहले। इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि देशभर में जितने मंदिर या तीर्थस्थान भगवान शिव के हैं, उतने अन्य किसी देवी–देवता के नहीं। आज भी समूचे देश में भगवान शिव की पूजा–उपासना व्यापक स्तर पर होती है। यही कारण है कि 'महाशिवरात्रि' पर्व को भारत में राष्ट्रीय पर्व का दर्जा प्राप्त है। भगवान शिव को 'कालों का काल' और 'देवों का देव' अर्थात् 'महादेव' कहा गया है। देव–दानव, मानव–प्रेत, भगवान शिव सभी के आराध्य देव हैं। 'भोले बाबा' के रूप में सर्वत्र पूजनीय भगवान शिव को समस्त देवों में अग्रणीय और पूजनीय इसलिए भी माना गया है क्योंकि वह अपने भक्तों पर बहुत जल्दी प्रसन्न होते हैं और दूध या जल की धारा, बेलपत्र व भांग की पत्तियों की भेंट से ही अपने भक्तों पर प्रसन्न हो जाते हैं तथा उनकी मनोकामना पूर्ण करते हैं।

भारत में शायद ही ऐसा कोई गांव मिले, जहां भगवान शिव का कोई मंदिर अथवा शिवलिंग स्थापित न हो। यदि कहीं शिव मंदिर न भी हो तो वहां किसी वृक्ष के नीचे अथवा किसी चबूतरे पर शिवलिंग तो अवश्य स्थापित मिल जाएगा। एक होते हुए भी शिव के नटराज, पशुपति, हरिहर, त्रिमूर्ति, मृत्युंजय, अर्द्धनारीश्वर, महाकाल, भोलेनाथ, विश्वनाथ, ओंकार, शिवलिंग, बटुक, क्षेत्रपाल, शरभ इत्यादि अनेक रूप हैं।

'महाशिवरात्रि' पर्व फाल्गुन मास की कृष्ण त्रयोदशी को मनाया जाता है। यह व्रत सृष्टि के समस्त प्राणियों के लिए अत्यंत कल्याणकारी माना गया है। शिवरात्रि देवों के देव महादेव अर्थात् भगवान शिव के जन्म का स्मरणोत्सव है। इस अवसर पर शिवभक्त उपवास तथा रात्रि जागरण करते हैं ताकि उनकी पूजा–अर्चना, उपासना एवं त्याग से भगवान शिव की कृपादृष्टि उन पर सदैव बनी रहे। माना जाता है कि इसी दिन रात्रि के मध्य में जगतपिता ब्रह्मा से रूद्र के रूप में भगवान शिव का अवतरण हुआ था। यह भी कहा जाता है कि इसी दिन प्रलय की वेला में प्रदोष के समय भगवान शिव ने तांडव करते हुए समस्त ब्रह्माण्ड को अपने तीसरे नेत्र की ज्वाला से समाप्त किया था। इसीलिए इस अवसर को 'कालरात्रि' अथवा 'महाशिवरात्रि' कहा जाता है।

प्रश्न यह है कि जिस प्रकार विभिन्न महापुरुषों के जन्मदिन को उनकी 'जयंती' के रूप में मनाया जाता है, उसी प्रकार भगवान शिव के जन्मदिन को उनकी 'जयंती' के बजाय 'रात्रि' के रूप में क्यों मनाया जाता है? इसका कारण संभवतः यही है कि रात्रि को पापाचार, अज्ञानता और तमोगुण का प्रतीक माना गया है और कलियुग में क्या संत, क्या साधक, क्या एक आम मानव, अर्थात् हर कोई दुखी है, अतः कालिमा रूपी इन बुराइयों का नाश करने के लिए प्रतिवर्ष चराचर जगत में एक दिव्य ज्योति का अवतरण होता है और यही रात्रि 'शिवरात्रि' है।

'शिव' और 'रात्रि' का शाब्दिक अर्थ एक धार्मिक पुस्तक में स्पष्ट करते हुए कहा गया है, ''जिसमें सारा जगत शयन करता है, जो विकार रहित है, वह शिव है अथवा जो अमंगल का ह्रास करते हैं, वे ही सुखमय, मंगलमय शिव हैं। जो सारे जगत को अपने अंदर लीन कर लेते हैं, वे ही करुणासागर भगवान शिव हैं। जो भगवान नित्य, सत्य, जगत आधार, विकार रहित, साक्षीस्वरूप हैं, वे ही शिव हैं। महासमुद्र रूपी शिव ही एक अखंड परम तत्व हैं, इन्हीं की अनेक विभूतियां अनेक नामों से पूजी जाती हैं, यही सर्वव्यापक और सर्वशक्तिमान हैं, यही व्यक्त–अव्यक्त रूप से 'सगुण ईश्वर' और 'निर्गुण ब्रह्म' कहे जाते हैं तथा यही परमात्मा, जगत आत्मा, शम्भव, मयोभव, शंकर, मयस्कर, शिव, रूद्र आदि कई नामों से संबोधित किए जाते हैं।''

'रात्रि' शब्द 'रा' दानार्थक धातु से बना है अर्थात् जो सुखादि प्रदान करती है, वह 'रात्रि' है। रात्रि सदा आनन्ददायिनी होती है, अतः सबकी आश्रयदात्री होने के कारण उसकी स्तुति की गई है। इस प्रकार शिवरात्रि का अर्थ है, ''वह रात्रि, जो आनन्द देने वाली है, जिसका शिव नाम के साथ विशेष संबंध है।'' ऐसी रात्रि माघ फाल्गुन कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी की है, जिसमें शिव पूजा, उपवास व जागरण होता है। इसीलिए इस रात्रि को शिवपूजा करना एक महाव्रत माना गया है और इसीलिए इसका नाम 'महाशिवरात्रि' पड़ा।

धार्मिक ग्रंथों में भगवान शिव के बारे में यही उल्लेख मिलता है कि तीनों लोकों की अपार सुन्दरी और शीलवती गौरी को अर्धांगिनी बनाने वाले शिव प्रेतों और भूत–पिशाचों से घिरे रहते हैं। उनका शरीर भस्म से लिपटा रहता है, गले में सर्पों का हार शोभायमान रहता है, कंठ में विष है, जटाओं में जगत तारिणी गंगा मैया हैं और माथे में प्रलयंकर ज्वाला है। बैल (नंदी) को भगवान शिव का वाहन माना गया है और ऐसी मान्यता है कि स्वयं अमंगल रूप होने पर भी भगवान शिव अपने भक्तों को मंगल, श्री और सुख–समृद्धि प्रदान करते हैं।

कहा जाता है कि भगवान विष्णु ने भी भगवान शिव की अनुकम्पा प्राप्त करने के लिए उन्हें अपनी एक आंख समर्पित कर दी थी। इस बारे में कहा गया है कि भगवान विष्णु जब शिव को प्रसन्न करने के लिए 1008 कमल के फूलों से उनका अभिषेक कर रहे थे, तब आखिर में एक कमल कम रह गया। इसपर भगवान विष्णु ने तुरंत कटार से अपनी एक आंख निकाली और कम रहे कमल के स्थान पर भगवान शिव को अर्पित कर दी। इससे शिव विष्णु पर इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने भगवान विष्णु को अपना दिव्य मंत्र प्रदान कर दिया–

त्रयम्बकं यजामहे
सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम।
उर्वारूकमिव बन्धनान।
मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्।।

भगवान शिव के मस्तक पर अर्द्धचंद्र शोभायमान है। इसके संबंध में कहा जाता है कि समुद्र मंथन के समय समुद्र से विष और अमृत के कलश उत्पन्न हुए थे। इस विष का प्रभाव इतना तीव्र था कि इससे समस्त सृष्टि का विनाश हो सकता था, ऐसे में भगवान शिव ने इस विष का पान कर सृष्टि को नया जीवनदान दिया जबकि अमृत का पान चन्द्रमा ने कर लिया। विषपान करने के कारण भगवान शिव का कंठ नीला पड़ गया, जिससे वे 'नीलकंठ' के नाम से जाने गए। विष के भीषण ताप के निवारण के लिए भगवान शिव ने चन्द्रमा की एक कला को अपने मस्तक पर धारण कर लिया। यही भगवान शिव का तीसरा नेत्र है और इसी कारण भगवान शिव 'चन्द्रशेखर' भी कहलाए।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल ने रविदास महासभा को दी शुभकामनाएं

आर एल पाण्डेय लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल ने संत शिरोमणि रविदास महासभा को नियमित तौर पर किए जा रहे सामाजिक कार्यक्रमो को देखते हुए बधाई दी है। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के सदस्य रामहृदय राम को पत्र लिखकर सुनील बंसल ने संत शिरोमणि रविदास महासभा द्वारा कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को लेकर बधाई दी। इस पर संत शिरोमणि रविदास महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामहृय राम ,सुरेश पुष्कर,विजय प्रताप,अतुल,जगदीश वर्मा ने सुनील

बंसल का आभार जताया है।

मीटिंग 21 अक्टूबर को सायं छह बजे

आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोमतीनगर विवेक खण्ड 3–4 जनकल्याण समिति की प्रबंध समिति की बैठक 21 अक्टूबर 2021 को सायं 6.00 बजे रूप कुमार शर्मा, सचिव के 3/44, विवेक खण्ड, निकट आई. सी. आई. सी. आई. बैंक, गोमतीनगर, लखनऊ स्थित् निवास स्थान पर आयोजित की गई है जिसमें स्थानीय जन समस्याओं व भावी कार्यक्रमों के सम्बंध में विचार होगा। रूप कुमार शर्मा सचिव गोमतीनगर विवेक खण्ड 3–4 जनकल्याण समिति, लखनऊ ने जानकारी दी है।

यूपी अपने प्लांट बंद कर महंगी बिजली खरीदने को मजबूर :जल्द हालात सुधरने के आसार नहीं

लखनऊ ब्यूरो : बारिश के कारण पारा लुढ़कने से उत्तर प्रदेश में बिजली की मांग घटकर 15,000 मेगावाट से नीचे पहुंच गई है, लेकिन कोयले की कमी की वजह से राज्य विद्युत उत्पादन निगम की 325 मेगावाट क्षमता की इकाइयों को बंद करना पड़ा है। वहीं, 1292 मेगावाट क्षमता की इकाइयों को रिजर्व शटडाउन (बिजली की आवश्यकता न होने पर बंद किया जाना) में रखा गया है। ऐसे में बिजली का इंतजाम करना पावर कॉर्पोरेशन के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। वहीं, कोयला संकट बरकरार रहने से जल्द हालात सुधरने के आसार नहीं दिखाई दे रहे हैं। उत्पादन निगम के सूत्रों का कहना है कि रिजर्व शटडाउट तो महज बहाना है। कोयले की कमी की वजह से इकाइयां बंद करनी पड़ी हैं। पर, सवाल यह भी उठाया जा रहा है कि सस्ती बिजली देने वाली प्रदेश की तापीय इकाइयों को रिजर्व शटडाउन के नाम पर बंद करके एनर्जी एक्सचेंज से दो–तीन गुना महंगी बिजली खरीदने का क्या औचित्य है?गौरतलब है कि शिड्यूल के अनुसार आपूर्ति करने के लिए सोमवार को लगभग 1.40 करोड़ यूनिट बिजली एक्सचेंज से खरीदी गई थी। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर (एसएलडीसी) के अधिकारियों के अनुसार निजी क्षेत्र की 1855 मेगावाट क्षमता की

इकाइयां कोयले की कमी से बंद हैं। जबकि 80 मेगावाट की इकाइयां रिजर्व शटडाउन में हैं। इसी तरह एनटीपीसी की 390 मेगावाट क्षमता की इकाइयां कोयले की कमी के कारण बंद हैं जबकि 200 मेगावाट क्षमता की इकाइयां रिजर्व शटडाउन में हैं। अधिकारियों का कहना है कि राज्य विद्युत उत्पादन निगम के हरदुआगंज व पारीछा बिजलीघर में कोयला नहीं है। जबकि अनपरा व ओबरा में दो–तीन दिन का स्टॉक ही बचा है। एनटीपीसी व निजी क्षेत्र के बिजलीघरों में भी कोयले का पर्याप्त स्टॉक नहीं है।

युवा हृदय रोगियों की संख्या बढ़ी, बेरोजगारी व आर्थिक तंगी भी एक वजह

लखनऊ ब्यूरो : दिल के मरीजों के लिए यूं तो सर्दी का मौसम मुश्किल वक्त माना जाता है। क्योंकि इस मौसम में आमतौर पर मरीजों की संख्या बढ़ जाती है, लेकिन इस बार ठंड आने से दो माह पहले ही राजधानी के अस्पतालों में दिल के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। पिछले माह के मुकाबले करीब 40 फीसदी ज्यादा मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। खास ये कि इसमें बुजुर्गों के साथ ही 30 से 35 साल के युवाओं की संख्या भी करीब 30 फीसदी के आसपास है। यह कोरोना का असर है, यह तो स्पष्ट नहीं है, लेकिन चिकित्सकों का कहना है कि कोविड के दौरान इलाज बाधित रहना, इलाज में लापरवाही, बिगड़ी दिनचर्या, कोविड में अपनों को खोने या बेरोजगारी की टेंशन इसकी वजह हो सकती है। लखनऊ में दिल के रोगियों के इलाज का सबसे बड़ा केंद्र केजीएमयू ही है। कोविड की पहली और दूसरी लहर के दौरान यहां भले ही सामान्य ओपीडी बंद कर दी गई थी, लेकिन इमरजेंसी सेवाएं जारी रहीं। केजीएमयू में एक माह पहले 300 से 400 मरीज दिल से जुड़ी शिकायत लेकर पहुंच रहे थे, लेकिन इस समय यह संख्या 500 के पार पहुंच रही है। हालांकि, यहां अभी सीमित संख्या में 200 मरीज ही ओपीडी में देखे जा रहे हैं। इससे बाकी मरीजों के लिए मुश्किल हो रही है। दिल के इलाज का दूसरा बड़ा केंद्र डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान है। यहां भी ऐसे मरीजों की संख्या 100 से सवा सौ तक पहुंच रही है, जबकि एक माह पहले तक 50 से 60 मरीज ही पहुंच रहे थे। इसी तरह बलरामपुर अस्पताल में 70 से 80 मरीज तो सिविल अस्पताल में करीब 50 मरीज रोजाना दिल के इलाज के लिए पहुंच रहे हैं।कोविड का प्रभाव स्पष्ट नहीं। लोहिया संस्थान के हृदय रोग

विशेषज्ञ डॉ. भुवन तिवारी ने बताया कि इस बार सर्दी से पहले ही दिल के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। इनमें बुजुर्ग के साथ ही युवा मरीज भी शामिल हैं। इसके पीछे कोविड का प्रभाव स्पष्ट नहीं है। यह तो शोध के बाद ही पता चल सकता है। हां, कई अन्य कारण जरूर हो सकते हैं। कोविड के दौरान लोगों ने बीपी व शुगर जैसी बीमारियों के इलाज में काफी लापरवाही बरती है। लोगों में टहलने की आदत भी कम देखने को मिल रही है। कोविड के दौरान अपनों को खोने का दर्द, नौकरी जाने, बेरोजगारी और आर्थिक तंगी जैसे कई कारणों से लोगों में तनाव की मात्रा बढ़ी है। ये कारण भी कहीं न कहीं दिल के रोग को बढ़ाते हैं।कम उम्र वालों को भी शिकायत। सिविल अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. संतोष कुमार यादव ने बताया कि सिर्फ बड़ी उम्र के लोग ही नहीं, कम आयु वर्ग के भी काफी लोग ओपीडी में दिल की शिकायत लेकर आ रहे हैं। कुल मामलों में इनकी संख्या 30 फीसदी तक है। इसलिए किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए।

पत्नी ने खाना खाते समय पति के ऊपर उड़ेल दिया खौलता तेल, बुरी तरह झुलसा पति

बाराबंकी ब्यूरो : जिले में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक पत्नी ने अपने पति के ऊपर खौलता हुआ तेल उड़ेल दिया। जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। वहीं मामला सामने आने के बाद पड़ोसियों ने पीड़ित पति को इलाज के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। पीड़ित पति के मुताबिक उसकी पत्नी उसे चार साल से प्रताड़ित कर रही है आज इस वारदात को अंजाम दिया है। पूरा मामला बाराबंकी के नगर कोतवाली क्षेत्र में स्थित सत्यप्रेमी नगर मोहल्ले से जुड़ा है। यहां के निवासी 65 वर्षीय कौशल किशोर नाम के शख्स पर उसकी ही पत्नी ने पीछे से खौलता हुआ तेल उड़ेल दिया। खौलता तेल पड़ते ही पति सिर से लेकर पैर तक बुरी तरह से झुलस गया। पीड़ित पति ने बताया कि वह खाना खा रहा था, इसी दौरान उसकी पत्नी पीछे से आई और उसके ऊपर खौलता हुआ तेल डाल दिया। पति ने बताया कि उसकी पत्नी ने तेल जब उसके सिर पर डाला, तो वह तड़प गया और जब तक वहां से हटता, गर्म तेल उसके पूरे शरीर पर छिटक के फैल गया और वह झुलस गया। वहीं जब कौशल किशोर को कराहते हुए आस–पास के पड़ोसियों ने सुना तो वह उसे लेकर किसी तरह जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उसे भर्ती करके डाक्टर उसका इलाज कर रहे हैं। पीड़ित पति कौशल किशोर ने बताया कि चार साल से जब से वह डायबिटीज का पेशेंट है तभी से खुद अपना खाना बनाता और खाता है। उसकी पत्नी उसे खाना नहीं देती है। वह आये दिन उससे झगड़ा करती है। कई बार उसकी डंडों और चप्पलों से पिटाई भी कर चुकी है। आज भी वह सुबह खाना खा रहा था, इसी दौरान पीछे से आकर उसकी बीवी ने उसके ऊपर खौलता हुआ तेल डाल दिया। पीड़ित पति ने बताया कि उसके तीन बच्चे हैं और तीनों बाहर हैं।

अगले महीने से लखनऊ में फटाफट क्रिकेट की बहार, 30 मैच खेले जाएंगे

लखनऊ ब्यूरो : टेस्ट और वनडे मुकाबलों के इतर लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में टी–20 मुकाबलों की बहार होगी। आईपीएल–15 में दो फ्रेंचाइची टीमों के बढ़ाए जाने पर मुकाबलों के आयोजन को लेकर स्टेडियम लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। इन अटकलों के बीच इकाना स्टेडियम में आने वाले तीन–चार माह काफी व्यस्त रहने वाले है। यहां चार नवंबर से शुरू होने वाली सैयद मुश्ताक अली टी–20 के 15 मुकाबलों के अलावा अगले साल मार्च माह में सीनियर वीमेंस टी–20 ट्रॉफी के 15 मैचों का आयोजन निर्धारित हुआ है। जहां तक इंटरनेशनल मैच का सवाल है तो यहां 18 मार्च को भारत और श्रीलंका की टीमों के बीच टी–20 मैच होना सुनिश्चित हो चुका है। इन दिनों स्टेडियम को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए तैयार किया जा रहा है, जिसके लिए टीमें 27 अक्तूबर को लखनऊ पहुंच जाएगी। जल्द खुलेगी क्रिकेट अकादमी। इकाना स्पोर्ट्स सिटी के मैनेजिंग डायरेक्टर उदय सिन्हा का कहना है कि हम किसी भी बड़े आयोजन के लिए तैयार है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के ठीक बाद स्टेडियम प्रांगण में क्रिकेट अकादमी खोलने का निर्णय हो चुका है। इसके लिए भारत के तीन से चार इंटरनेशनल क्रिकेटरों से बात चल रही है। अकादमी में 500 चुनिंदा खिलाड़ियों को चयनित किया जाएगा। इसमें ढाई सौ खिलाड़ी बोर्डिंग और ढाई सौ खिलाड़ी डे–बोर्डिंग स्कीम के लिए चयनित किए जाएंगे। सैयद मुश्ताक अली टी–20 ट्रॉफी। टीमें 27 अक्तूबर को लखनऊ पहुंचेंगी। यहां एक नवंबर तक क्वारंटीन रहने के बाद दो दिन अभ्यास का समय होगा। इसके बाद चार से लेकर नौ नवंबर तक 15 मैच खेले जाएंगे। इकाना स्टेडियम के ए और बी ग्राउंड में प्रतिदिन तीन मैच होंगे। चार नवंबर– तमिलनाडु

बनाम महाराष्ट्र, पुदुचेरी बनाम पंजाब, ओडिसा बनाम गोवा। पांच नवंबर– पंजाब बनाम महाराष्ट्र, तमिलनाडु बनाम ओडिसा, गोवा बनाम पुदुचेरी। छह नवंबर– पंजाब बनाम गोवा, तमिलनाडु बनाम पुदुचेरी, ओडिसा बनाम महाराष्ट्र। आठ नवंबर– तमिलनाडु बनाम गोवा, पंजाब बनाम ओडिसा, महाराष्ट्र बनाम पुदुचेरी। नौ नवंबर– ओडिसा बनाम पुदुचेरी, महाराष्ट्र बनाम गोवा, पंजाब बनाम तमिलनाडु। सीनियर वीमेंस टी–20 क्रिकेट ट्रॉफी। टीमें 25 फरवरी को लखनऊ पहुंचेंगी। यहां एक मार्च तक क्वारंटीन रहने के बाद दो दिन अभ्यास का समय होगा। इसके बाद तीन से नौ मार्च तक 15 मुकाबले खेले जाएंगे। इकाना स्टेडियम के ए और बी ग्राउंड में प्रतिदिन तीन मैच होंगे। तीन मार्च– रेलवे बनाम हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश बनाम दिल्ली, कर्नाटक बनाम छत्तीसगढ़। चार मार्च– मध्य प्रदेश बनाम हिमाचल प्रदेश, रेलवे बनाम कर्नाटक, चंडीगढ़ बनाम दिल्ली। छह मार्च– मध्य प्रदेश बनाम चंडीगढ़, रेलवे बनाम दिल्ली, कर्नाटक बनाम हिमाचल प्रदेश। सात मार्च– रेलवे बनाम चंडीगढ़, मध्य प्रदेश बनाम कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश बनाम दिल्ली। नौ मार्च– कर्नाटक बनाम दिल्ली, हिमाचल प्रदेश बनाम चंडीगढ़, मध्य प्रदेश बनाम रेलवे।

महिला बॉस से पत्नी की नजदीकी, साथ रहने की जिद से आहत पति फंदे पर झूला

लखनऊ ब्यूरो : पत्नी की अपनी महिला बॉस से नजदीकी थी। इसके बाद महिला बॉस संग ही रहने की जिद करने लगी। इससे आहत पति ने सोमवार देर रात फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उसने पुलिस कमिश्नर, एसीपी गोमतीनगर व इंस्पेक्टर गोमतीनगर के नाम तीन सुसाइड नोट लिखकर अपना दर्द बयां किया। पुलिस ने पत्नी व उसकी महिला बॉस के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तीनों सुसाइड नोट कब्जे में लेकर छानबीन शुरू की है। गोमतीनगर के विरामखंड निवासी कृष्णकुमार अग्रवाल का पुत्र निखिल (40) घर में ही परचून की दुकान चलता था। कृष्णकुमार के मुताबिक, निखिल की शादी वर्ष 2012 में गौतमपल्ली थाना क्षेत्र के मार्टिनपुरवा की रहने वाली अंजू गुप्ता से हुई थी। दोनों के सात साल की एक बेटी है। कृष्णकुमार के मुताबिक, कुछ समय पहले अंजू एक समाज सेविका के साथ काम करने लगी थी। इसके बाद उसका निखिल से लगाव खत्म हो गया था। फिर वह निखिल के संग न रहने की बात कहने लगी। इसके बाद वह महिला बॉस के साथ रहने की जिद करने लगी। कृष्ण कुमार ने बताया कि शनिवार को अंजू बार–बार अपनी महिला बॉस के पास जाकर रहने की बात कह रही थी। इसे लेकर निखिल का उससे विवाद हुआ था। निखिल ने पुलिस कंट्रोल रूम फोन किया। पुलिसकर्मी आए और निखिल व अंजू को समझाकर चले गए। मगर रविवार को अंजू फिर उसी जिद पर अड़ गई। बात न मानने पर वह जहर खाने की धमकी देने लगी। सूचना पर फिर पुलिस पहुंची। अंजू की मां नीलम भी आ गई। सभी लोगों ने अंजू को समझाने का प्रयास किया मगर वह नहीं मानी। इस पर नीलम अपनी बेटी अंजू और नातिन को साथ लेकर चली गई। कृष्णकुमार का कहना है कि सोमवार को देर रात तक निखिल उनसे बात करता रहा। फिर किसी का फोन आने पर वह प्रथम तल के अपने कमरे में चला गया। मंगलवार सुबह साढ़े पांच बजे मां ने निखिल को जगाने के लिए कॉल की मगर फोन नहीं उठा। कृष्णकुमार उसके कमरे में गए तो वह फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर गोमतीनगर पुलिस ने छानबीन की तो निखिल के पास तीन सुसाइड नोट मिले। ये सुसाइड नोट पुलिस कमिश्नर, एसीपी गोमतीनगर व इंस्पेक्टर गोमतीनगर के नाम लिखे गए थे। इनमें निखिल ने पत्नी अंजू व उसकी महिला बॉस को खुदकुशी के लिए मजबूर करने का जिम्मेदार ठहराते हुए दोनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ये भी लिखा है कि अंजू की अपनी महिला बॉस से नजदीकी है। महिला बॉस प्रॉपर्टी के धंधे की आड़ में गलत काम भी करती है। निखिल के परिवारीजनों ने भी अंजू व उसकी महिला बॉस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कहा कि महिला बॉस ने निखिल का वैवाहिक जीवन बर्बाद कर दिया। गोमतीनगर इंस्पेक्टर केशव कुमार तिवारी ने बताया कि कृष्णकुमार अग्रवाल की तहरीर पर अंजू व उसकी महिला बॉस के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। छानबीन कर कार्रवाई की जाएगी। टाइप राइटर बाबा के नाम से मशहूर हैं कृष्ण कुमार। निखिल के पिता कृष्णकुमार अग्रवाल टाइपराइटर बाबा के नाम से मशहूर हैं। दरअसल वह जीपीओ के बाहर टाइपराइटर रखकर टाइपिंग का काम करते थे। 20 सितंबर 2015 को तत्कालीन सचिवालय चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने लात मारकर उनका टाइपराइटर तोड़ दिया था। इसकी फोटो अखबारों के साथ ही सोशल मीडिया की सुर्खियां बनीं तो तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार को तत्काल सस्पेंड करने के साथ ही तत्कालीन डीएम राजशेखर व एसएसपी राजेश पांडेय को कृष्णकुमार के घर भेजा था। दोनों अधिकारियों ने दरोगा की करतूत को लेकर कृष्णकुमार से माफी मांगने के साथ ही उन्हें नया टाइपराइटर भेंट किया था। इससे कृष्णकुमार अग्रवाल टाइपराइटर बाबा के नाम से मशहूर हो गए थे। अब बेटे की खुदकुशी से आहत कृष्णकुमार ने पुलिस–प्रशासन से इंसाफ की गुहार लगाई है।

राजधानी लखनऊ में बांग्लादेशियों की संख्या में लगातार हो रही बढ़ोतरी

लखनऊ ब्यूरो : राजधानी में बांग्लादेशी नागरिकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। हर साल इनकी संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। पुलिस विभाग के अधिकारियों का अनुमान है कि राजधानी में करीब 60 से 70 हजार बांग्लादेशी नागरिक अलग–अलग झुग्गी बस्तियों में रह रहे हैं। इनमें से ज्यादातर कूड़ा बीनने, कबाड़ खरीदने व बेचने का काम करते हैं। इन सभी के बीच में कुछ छिपकर अपराध भी कर रहे हैं। बांग्लादेश के नागरिकों की संख्या राजधानी में ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में बढ़ रही है। एक साल पहले इनकी अनुमानित संख्या करीब 10 लाख थी। ज्यादातर ये बांग्लादेशी लखनऊ, कानपुर, गाजियाबाद, नोएडा, मेरठ, मुरादाबाद जैसे बड़े शहरों में झुग्गी–बस्ती बनाकर बस गए हैं। यह इन इलाकों में कूड़ा उठाने, कबाड़ की खरीद–फरोख्त, फेरी लगाकर चाय बेचने समेत अन्य काम कर रहे है। राजधानी में इनकी सबसे अधिक संख्या है। लखनऊ में ये बांग्लादेशी गोमतीनगर, गोमतीनगर विस्तार, विभूतिखंड, चिनहट, इंदिरानगर, गुडंबा, जानकीपुरम, मड़ियांव, बीकेटी, पीजीआई, आशियाना, कृष्णानगर, सरोजनीनगर इलाके में बस गए हैं। खासकर ऐसे इलाकों में इनकी बस्तियां हैं जहां पर नई कॉलोनियां बस रही हैं। आसपास के करीब तीन से पांच किलोमीटर के दायरे में घूमकर ये कूड़ा उठाने, कबाड़ खरीदने बेचने जैसे काम करते है। वहीं महिलाएं आसपास के घरों में साफ–सफाई का काम करती हैं। सत्यापन अभियान की रफ्तार थमी। चार साल पहले बांग्लादेशी व रोहिंग्या नागरिकों के चिह्नीकरण का काम शुरू किया गया। इस काम के लिए लखनऊ के सभी थानों को निर्देश दिए गए। सभी चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया गया था कि वे अपने क्षेत्र में इस तरह की बस्तियों में रहने वाले सभी लोगों के बारे में जानकारी रजिस्टर में दर्ज करें। लेकिन कुछ दिनों बाद यह काम रुक गया। जब बांग्लादेशी डकैतों ने ताबड़तोड़ कई वारदात कीं तो सत्यापन काम फिर शुरू हुआ लेकिन फिर इसकी रफ्तार काफी धीमी हो गई। हालांकि पुलिस अधिकारी दावा करते हैं कि इन बस्तियों पर लगातार नजर रखी जा रही है।

संजय और पुरुषोत्तम भट्ट बने अन्ना हजारे के सहयोगी : राष्ट्रीय लोकआंदोलन की हुई शुरुआत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : देहरादून । प्रसिद्ध समाज सेवी अन्ना हजारे ने एक बार फिर आंदोलन की घोषणा कर दी है और इस बार यह आंदोलन राष्ट्रीय लोक आंदोलन संगठन के बैनर पर किया जाएगा । अन्ना हजारे की सहयोगी और राष्ट्रीय लोक आंदोलन की राष्ट्रीय संयोजिका कल्पना ईनामदार ने देहरादून में मीडिया को यह बात बताई । पूर्व आई ए एस कमल टावरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बताया गया की अन्ना हजारे जी ने देश की स्थिति को देखते हुए एक और आंदोलन के लिए तैयार रहने को कहा है उन्होंने बताया की यह आंदोलन इस बार पूरे देश में एक साथ एक बैनर यानी एक संगठन के माध्यम से लडा जायेगा । इस आंदोलन में बुद्धजीवी , समाजसेवी , पत्रकार , वकील और कलाकार जोड़े जाएंगे । राष्ट्रीय सयोजक कल्पना ईनामदार ने बताया की हर प्रदेश में एक कोर कमेटी बनाई जा रही है जो की पूरे प्रदेश में विधान सभा स्तर तक संयोजक बनाए जायेंगे । इसी क्रम में उन्होंने बताया की उत्तराखंड की कोर कमेटी में संजय श्रीवास्तव ,

पुरुषोत्तम भट्ट , वी पी मैठाणी , शक्ति शैल कापरवान,संदीप उनियाल ,मनोज ध्यानी,विनीता जोशी और उत्तरा पंत को रखा गया है । यह बैठक देहरादून ई सी रोड स्थित एक रेजीडेंसी में आयोजित हुई । इस कार्यकम का आयोजन उत्तराखंड के प्रभारी और अन्ना हजारे टीम के प्रमुख चौधरी भोपाल सिंह द्वारा किया गया । कार्यक्रम में उत्तराखंड के दर्जनों अन्ना समर्थक लोग मौजूद रहे।

दवा लेने के बहाने निकली और मनचलों के साथ हुई फरार

जौनपुर। शाहगंज पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा : महाराजगंज थाना क्षेत्र हिलाली गांव के निवासी रिंकी 28 वर्ष पत्नी राकेश विश्वकर्मा नवरात्रि के अंतिम दिन विसर्जन के समय रिंकी अपने लड़का रियांस 7 वर्ष को दवा लेने के लिए युवती घर से निकली। वही पहले से मौजूद बैठे मनचलों के साथ रिंकी अपने साथ 7 वर्षी रियांश बच्चे को लेकर सफेद रंग की कार में बैठकर फरार हो गई। वही जेठानी रीता देवी पत्नी दिनेश विश्वकर्मा का कहना है कि रिंकी हिलाली गांव से कंधी चौराहे पर अपने लड़के रियांश को इंजेक्शन लगवाने के बहाने कंधी चौराहे पर हमारे कॉस्मेटिक की दुकान पर दोपहर में आई थी, और हमसे कही कि मैं दुर्गा जी की मूर्ती विसर्जन देखने जा रही हूं। तो रीता ने कहा कि अभी तक मैं बाजार में नही जाती हूँ। और तुम अकेले में दुर्गा पूजा मूर्ति विसर्जन कैसे देखने जाओगी। रिंकी विसर्जन देखने की हठ कर लीय, रिंकी के जिद के अनुसार रीता के यहां सिलाई सीखने वाली छात्रों के साथ जाने की अनुमति दे दी। जब छात्रों के साथ रिंकी मूर्ति विसर्जन देखने के लिए अपने बच्चे के साथ में जा रही थी। तभी रास्ते में एक सफेद कलर की कार में वह जाकर बैठ गई और गाड़ी वहां से महाराजगंज की तरफ रवाना हो गई, यह देख छात्रों ने दौड़ कर रीता के पास गयीं और कहने लगे कि आपकी देवरानी एक गाड़ी में बैठ कर के व महाराजगंज की तरफ जा रही है। इसकी सूचना मिलते ही तुरंत खोजबीन जारी हो गया रिंकी का मायका ग्राम कोढे थाना मछलीशहर जौनपुर है। वहाँ रिंकी के चाचा राजनाथ विश्वकर्मा को जानकारी दिया और वही रिंकी के पिता

ओमकार नाथ व माता सुनैना देवी ने वर्तमान समय में पूना महाराष्ट्र में रहते हैं, उनको स्व. राकेश का बड़ा भाई दिनेश विश्वकर्मा ने फोन करके पूछा कि क्या रिंकी के बारे में कुछ जानकारी है, वह घर से रियांस को साथ मे लेकर कहीं चली गयी है अभी तक घर वापस नही आई। रिंकी के पिता ने कहा कि एक–दो दिन इंतजार कर लीजिए अगर घर वापस नहीं आती है। तो उचित कार्रवाई की जाएगी। रीता ने इस घटना को फौरन महाराजगंज थाना प्रभारी को सूचना दी। और इस घटना की सूचना पुलिस अधीक्षक जौनपुर को अवगत करायी। बतादे की रिंकी का पति राकेश किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित था , जिस वजह से 3 वर्ष पूर्व ही मृत्यु हो गई थी। और उसका एक 7 वर्षीय रियांस लड़का है। रियांस को और घर में रखे जेवरात को लेकर के रिंकी घर से फरार हो गई है पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर रही हैं। खबर लिखे जाने तक रिंकी 28 वर्ष, पत्नी स्व. राकेश विश्वकर्मा और रियांस 7 वर्ष पुत्र स्व. राकेश निवासी हिलाली थाना महराजगंज जनपद जौनपुर का कोई पता नही चल सका है।

25 अक्टूबर 2021 तक छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाईन आवेदन कराना सुनिश्चित करें

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला समाज कल्याण अधिकारी ने अवगत कराया है कि प्रमुख सचिव समाज कल्याण उ0प्र0 लखनऊ द्वारा निर्देश दिया गया है कि जनपद में संचालित समस्त नवीन मान्यता प्राप्त एवं समस्त संस्थाओं को अवगत कराया जाता है कि कक्षा 11–12 एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत शैक्षिक सत्र 2021–22 के लिए जारी संशोधित समय–सारिणी का संशोधन किया गया है। 25 अक्टूबर 2021 तक छात्र/छात्रओं द्वारा आनलाईन आवेदन किया जाना, 27 अक्टूबर 2021 तक आनलाइन आवेदन पत्र की हार्ड कापी छात्र/छात्राओं द्वारा वांछित संलग्नको सहित शिक्षण संस्था में जमा किया जाना, 28 अक्टूबर 2021 तक छात्र/छात्रा द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी एवं संलग्न अभिलेखो से छात्र/छात्रा के समस्त विवरण का शिक्षण संस्थान द्वारा मिलान किया जाना एवं आनलाइन आवेदन प्राप्त करना, सत्यापित एवं अग्रसारित करना, 21 अक्टूबर 2021 तक नवीन मान्यता प्राप्त एवं समस्त शिक्षण संस्थाओं द्वारा मास्टर डाटा बेस में पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, पाठ्यक्रमवार कुल सीटों की संख्या, सक्षम स्तर से निर्धारित शुल्क, पाठ्यक्रमवार पूर्णांक (सेमेस्टर की दशा में दो सेमेस्टर के अंको को मिलाते हुए) पाठ्यक्रमवार एफिलियेटिंग एजेन्सी/ विश्वविद्यालय के नाम आदि सूचनाओं को अंकित/अद्यतन करके डिजिटल हस्ताक्षर से प्रमाणित करना, 22 अक्टूबर 2021 से 31 अक्टूबर 2021 तक विश्वविद्यालय एवं अन्य एफिलियेटिंग के नोडल अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक (कक्षा 11–12 हेतु) द्वारा शिक्षण संस्था, पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, सीटों की संख्या एवं फीस आदि को अंकित करना तथा उसकी प्रमाणिकता को आनलाइन सत्यापित करना, 09 नवम्बर 2021 तक विश्वविद्यालय एवं अन्य एफिलियेटिंग एजेन्सी के नोडल अधिकारी द्वारा शिक्षण संस्था, पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार एवं अंकित फीस आदि की प्रमाणिकता को संबंधित शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष द्वारा आनलाइन सत्यापित करना है। समस्त शिक्षण संस्था/विश्वविद्यालय एवं अन्य एफिलियेटिंग एजेन्सी के नोडल अधिकारी उपरोक्त संशोधित नवीन समय–सारिणी के अनुसार अपनी–अपनी संस्थाओं को अपडेट/अग्रसारित करना सुनिश्चित करें।

जनपद में महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मनाई गई

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में शासन के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के कुशल मार्गदर्शन में जनपद में महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मनाई गई। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा महर्षि वाल्मीकि जयंती के शुभ अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि का ।जीवन प्रभु श्री राम जी की भक्ति में व्यतीत हुआ। उन्होंने कहा कि महर्षि के जीवन दर्शन से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए और बच्चों/युवाओं को संत महात्माओं के जीवन दर्शन को आत्मसात करते हुए इनके पदचिन्हों पर चलना चाहिए। जनपद के हनुमान घाट, गोकुल घाट नदी के किनारे स्थित राम जानकी मंदिर, अजमेरी सहित विभिन्न ब्लॉकों में महर्षि बाल्मीकि जी की जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

मिशन शक्ति फेज–3.0 के अन्तर्गत महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं विषयक जागरुकता शिविर का आयोजन संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला प्रोबेशन अधिकारी ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि मिशन शक्ति फेज–3.0 के अन्तर्गत महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं विषयक जागरुकता शिविर का आयोजन 21 अक्टूबर 2021 को जिला बाल संरक्षण इकाई, जौनपुर सभागार, खरका तिराहा, सिद्दीविनायक जलपान गृह के सामने समय 11.30 बजे से आयोजित किया जायेगा। तद्पश्चात अपराह्न 1.00 बजे से निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग में महिला जनसुनवाई का आयेजन किया जायेगा। आम जनमानस से अनुरोध है कि उक्त दोनो कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं अपनी व्यक्तिगत समस्याओं का निस्तारण प्राप्त कर सकते हैं।

किसान मोर्चा भाजपा की चौपाल सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जौनपुर बदलापुर विधानसभा में विधानसभा किसान चौपाल संपन्न हुई, बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष पंकज सिंह ने की।मुख्य वक्ता

विधानसभा संयोजक व जिला मंत्री अनिल सिंह शक्ति रहे उन्होंने कहा कि विपक्षी दल भाजपा सरकार को बदनाम करने का कुचक्र रच रहे हैं। इनसे सावधान रहना है, भाजपा सरकार ही किसानों की हितैषी है उनकी दो गुना आय का संकल्प उत्तर प्रदेश सरकार ली है। उक्त अवसर पर जिला मंत्री संजय सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता मिथिलेश सिंह, विधानसभा विस्तारक मिथिलेश, किसान मोर्चा के पदाधिकारी एवं किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

कुड़वार पुलिस टीम पर हमला करने का आरोप, चार गिरफ्तार

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : दुर्गा पूजा महोत्सव में गश्त के दौरान कुड़वार पुलिस टीम पर हमले का मामला। चार नामजद के खिलाफ जानलेवा हमला। सरकारी कार्य में बाधा समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज। आरोपी शुभम तिवारी, शिवम् तिवारी, कुलदीप और लव–कुश निवासी पण्डित का पुरवा हुए गिरफ्तार। थानाध्यक्ष कुड़वार रवि कुमार सिंह का कहना चार अभियुक्त हिरासत में लिए गए। घटना में आरोपियों को जेल भेजने की हो रही की कार्रवाई। कुड़वार थानाक्षेत्र के स्थानीय कस्बे का मामला।

स्वास्थ्य मंत्री का भाजपाइयों ने फूलमाला पहनाकर किया स्वागत

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह का आज हुआ आगमन। मंत्री जय प्रताप सिंह स्वास्थ्य मंत्री लखनऊ से चलकर सुलतानपुर वाया कूरेभार होते हुए पहुंचे।

जहां कूरेभार थाना क्षेत्र अंतर्गत मुजेश चौराहे पूर्वांचल एक्सप्रेस वे सिक्स लेंथ पर भाजपा के पदाधिकारी सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता प्रधान व बीडीसी ने फूल माला पहनाकर जय प्रताप सिंह स्वास्थ्य मंत्री का भव्य स्वागत किया।

मछली देखने गया युवक, बाइक को उचक्कों ने किया हाथ साफ

जौनपुर। शाहगंज पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा : खेतासराय थाना क्षेत्र रानीमऊ पोखरे के पास रोड के किनारे एक युवा गाड़ी UP62 AV3423 होंडा साइन खड़ी करके अपने पोखरे में पाली हुई मछली को देखने के लिए चला

गया, कुछ देर बाद वापस आया तो देखा कि उसकी गाड़ी वहां नहीं थी। सूरज पुत्र रामजी गुप्ता ग्राम जंगीपुर खुर्द थाना सराय ख्वाजा ने इसकी गुमशुदगी थाना सराय ख्वाजा पर दर्ज करा कर उचित कार्रवाई की मांग की।

किसान पाठशाला के ट्रेनर्स हुए प्रशिक्षित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कृषि भवन सभागार में बुधवार को रबी सत्र में आयोजित होने वाली किसान पाठशाला के ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया गया। उप कृषि निदेशक जय प्रकाश ने कोरोना काल में कृषि कार्य को करते समय अपनाने वाली सावधानियों, किसान सम्मान

निधि योजना, मृदा स्वास्थ्य, रबी फसल प्रबंधन तथा विभिन्न योजनाओं में देय सुविधाओं की जानकारी दी। जिला कृषि अधिकारी के के सिंह ने बताया कि राजकीय बीज भंडार पर रबी बीज, मृदा सुधारक जिप्सम उपलब्ध है, उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। किसानों को जागरूक कर उन्हें समय से कृषि निवेश उपलब्ध कराने हेतु समस्त क्षेत्रीय कर्मचारियों को निर्देशित किया। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डा. सुरेश कुमार कन्नौजिया ने रबी फसलों के प्रबंधन, पराली प्रबंधन, जैविक खेती की विस्तृत जानकारी दिया। जिला उद्यान अधिकारी हरिशंकर राम ने फल, फूल एवं सब्जियों की खेती तथा उद्यान विभाग की योजनाओं की दी। उप परियोजना निदेशक आत्मा डा. रमेश चंद्र यादव ने कृषक उत्पादक संघ, जीरो बजट की खेती, मूल्य सम्बर्धन, पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जानकारी दी। ये पाठशालाए 01 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक जिले की समस्त 218 न्याय पंचायत के 2–2 गांवों में दो–दो दिन आयोजित की जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के समस्त 218 मास्टर ट्रेनर्स मौजूद रहे।

बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता : आज मिली राहत

जौनपुर। शाहगंज पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा : जौनपुर शहर के अलग–अलग क्षेत्रों में सोमवार भारी बरसात होने के कारण खेतों की फसल नष्ट हो गए किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। बेमौसम बरसात में किसानों की समस्या बढ़ा दी है, सबसे ज्यादा नुकसान धान के फसल को हुआ है। सोमवार शाम से रुक रुक कर हो रही बारिश के कारण तापमान दो से 3 डिग्री नीचे लुढ़क गया, और जिले के कई क्षेत्रों में मौसम काफी ठंडा हो गया है। मानो अब ऐसा प्रतीत हो रहा है कि ठंड अक्टूबर में ही कहर बरपा ना शुरू कर देगा। गांव जपटापुर, अतरौरा, आदमपुर, फरीदाबाद, सहित जिले के अन्य गांव में तेज हवा और बरसात किसानों को भारी भरकम नुकसान पहुंचा, धान के कटाई मड़ाई का कार्य नजदीक आने पर किसानों ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है लेकिन बदलते मौसम के मिजाज ने किसानों के सामने समस्या खड़ी कर दी है। किशान ओमप्रकाश निवासी जंगीपुर खुर्द बताया कि हमने लगभग डेढ़ बीघा धान की रोपाई की थी

लेकिन उसमें से 40% के लगभग धान तेज हवा और बारिश के चलते नुकसान हो गया, तेज गति से चल रही हवाएं खेती पर ही नहीं बल्कि मनुष्य को भी प्रभावित कर रही आज शाम ऐसा प्रतीत हो रहा की ठंड आ गई है अब गर्म कपड़ों की आवश्यकता है। अत्यधिक बरसात होने के कारण धान के खेतों में पानी भर गया है जिससे अब कटाई मड़ाई में काफी वक्त लग सकता है इससे फसल को भी भारी नुकसान होगा। वही तरसावा गांव के निवासी परमानंद गुप्ता ने लगभग 2 बीघा में धान की रोपाई की थी भारी भरकम बरसात और तेज रफ्तार से चलने वाली हवाएं क्षेत्र की 70% फसल को नष्ट कर दिया। भारी भरकम बरसात होने के कारण किसानों मैं मायूसी छा गई है, बरसात ने किसान के साथ साथ आमजन को भी प्रभावित किया है लोगों का आवागमन बाधित हो गई है । बुधवार सुबह कड़ी धूप देख आमजन ने राहत की सांस ली।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष वर्तमान विधायक स्वं०सुखदेव राजभर के शवयात्रा को रामघाट मे अर्पित की श्रद्धांजलि

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी के हजारों सपा नेताओं ने उत्तर प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष वर्तमान विधायक स्वं०सुखदेव राजभर के शवयात्रा को रामघाट मे श्रद्धांजलि अर्पित कर कंधा देकर अंत्येष्टि में शामिल हुए वहीं सपा जिला अध्यक्ष लाल बहादुर यादव ने कहा सुखदेव राजभर बहुत सहज सरल व्यक्तित्व के धनी थे वह सदा शोषित वंचित पिछड़े दलित के हित में हमेशा लड़ाई लड़ते रहते थे विगत पूर्व में उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात हुई थी और उन्होंने अखिलेश यादव पर विश्वास जताते हुए उनसे कहा था कि मैं जिस लड़ाई को शुरू से लड़ता चला रहा हूं वह लड़ाई अब हमारी शारीरिक अस्वस्थता के कारण धीमी न पड़े इसलिए अपने बेटे को मैं आपके शरण में दे रहा हूं क्योंकि मुझे विश्वास है कि जो लड़ाई हमने शुरू से लड़ी है इस समय वह कोई लड़ सकता है तो समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ही लड़ सकते हैं इन्हीं के नेतृत्व में दबे कुचले शोषित वंचित को उनका अधिकार मिल सकता है आज उनके सोच उनकी लड़ाई को लड़ने के लिए समाजवादी पार्टी कटिबद्ध है आज पूरा समाजवादी परिवार उनकी अंत्येष्टि में सम्मिलित होकर

उन को सच्ची श्रद्धांजलि दिया और उनके बेटे के साथ पूरा समाजवादी परिवार खड़ा है और हर समय खड़ा रहेगा है श्रद्धांजलि अर्पित करने में मुख्य रूप से विधायक शैलेंद्र यादव ललई,जगदीश नरायन राय,राजबहादुर यादव,गुलाब सरोज डां अवधनाथ पाल,प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, संजय सरोज शकील अहमद, दीपचन्द राम,गजराज यादव,विकास यादव,पप्पू रधुवंशी, कमालुद्दीन अंसारी,पप्पू मौर्या, अनवारुल हक, लाल मोहम्मद रायनी,ऋषि यादव,भानु प्रताप मौर्या, मुकेश यादव, आदि लोग उपस्थित रहे।

लखनऊ में नवंबर तक बननी हैं टूटी सड़कें, अभी सूची ही तय कर पाए

लखनऊ ब्यूरो : शहरवासी पिछले एक साल से टूटी सड़कों से परेशान हैं। मेन रोड हो या कॉलोनी के अंदर की सड़कें, ज्यादातर की हालत खस्ता है। टूटी सड़कें बनाने के लिए 70 करोड़ रुपये बजट भी मौजूद है और जिलाधिकारी ने नवंबर तक टूटी सड़कें दुरुस्त करने के निर्देश दे रखे हैं, लेकिन इसके बाद भी ढिलाई की जा रही है। इससे शहर के लाखों लोग रोजाना दुश्वारियां झेलने को विवश हैं। शहर की टूटी सड़कें बनाने में ढिलाई का आलम यह है कि बजट के हिसाब से जिन सड़कों को बनाया जाना है, उनकी सूची भी अफसर फाइनल नहीं कर पा रहे हैं। स्थिति यह है कि नगर निगम, एलडीए, पीडब्लूडी और जिला प्रशासन के अफसरों की जिस कमेटी को यह सूची फाइनल करनी है उसकी पहली बैठक तक नहीं हो पाई है, जबकि कमेटी बने करीब 20 दिन गुजर गए हैं। सूत्रों का कहना है कि शहर की करीब 500 छोटी–बड़ी सड़कें खराब हैं। इन्हें ठीक करने के लिए 100 करोड़ रुपये से ज्यादा के बजट की जरूरत नगर निगम को है, लेकिन उतना बजट नहीं है। ऐसे में बजट की उपलब्धता और प्राथमिकता को देखते हुए सूची बनाई जा रही है। इसे लेकर कई बार बदलाव भी हो चुका है, मगर अब तक अंतिम मुहर नहीं लग पाई है। टूटी सड़कें वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण। शहर की खराब सड़कें शहर की हवा की सेहत भी खराब कर रही हैं। यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने शहर की ऐसी 31 सड़कों को चिह्नित किया है, जिनसे वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। इसे लेकर उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव अजय कुमार शर्मा ने नगर आयुक्त को पत्र भी भेजा है। इसमें कहा है कि टेरी नई दिल्ली के नए अध्ययन में यह पाया गया है कि लखनऊ में वायु प्रदूषण का मुख्य कारण रोड डस्ट है। यहां पर वायु प्रदूषण में पीएम–10 व पीएम 2.5 का योगदान 80 से 85 प्रतिशत है। जल निगम ने भी बढ़ाई मुसीबत। सीवर खुदाई के कारण कैसरबाग, लालबाग, हजरतगंज, अमीनाबाद सहित कई इलाकों की सड़कें बदहाल हैं। 15 दिन पहले प्रधानमंत्री के शहर आगमन से पहले सड़कों को बनाया तो गया, लेकिन यह धंस जा रही हैं। बीते माह भी प्रेस क्लब, लालबाग, कैसरबाग, महात्मा गांधी मार्ग सहित कई जगहों पर सड़कें बनने के बाद एक महीने के बाद ही धंसी गई थीं। अब जो सड़कें 15 दिन पहले बनी हैं, वह भी बारिश में धंस रही हैं। ये तय करेंगे कौन सी सड़क बनेगी। नगर आयुक्त, एडीएम प्रशासन,अपर नगर आयुक्त, मुख्य अभियंता नगर निगम, अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी, मुख्य अभियंता एलडीए, रीजनल मैनेजर यूपीसीबी, लगभग तैयार हो गई सूची। नगर निगम के मुख्य अभियंता महेश वर्मा ने बताया कि सड़कों की सूची लगभग तैयार है। जल्द ही कमेटी से उसका अनुमोदन हो जाएगा। उसके बाद सड़कों के बनाने का टेंडर जारी कर दिया जाएगा। सड़कों की मरम्मत का काम जल्द पूरा हो उसको लेकर पूरी तैयारी है।

महिलाओं की सक्रियता से राजनीति में आएगा बदलावः रमा कश्यप

आर एल पाण्डेय गोंडा । महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष रमा कश्यप ने कहा है कि कांग्रेस महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा के प्रदेश में 2022 के विधानसभा चुनाव में महिलाओं को 40 प्रतिशत टिकट दिए जाने की घोषणा से निश्चय ही राजनीति में एक नया बदलाव आएगा और समाज में महिलाओं को सम्मानजनक स्थिति प्राप्त होगी। सुश्री कश्यप बुधवार को राजा मोहल्ला स्थित कांग्रेस भवन में आयोजित महिला कांग्रेस की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश के वर्तमान नफरत असमानता और इस महिलाओं के विरुद्ध हिंसा शोषण की राजनीति को खत्म करने का जो संकल्प लिया है उसका भविष्य में सुखद परिणाम निकलेंगे। उन्होंने कहा कि अन्याय व शोषण से पीड़ित महिलाएं प्रियंका गांधी से प्रेरणा लेकर अन्याय से मुक्ति के लिए कांग्रेस के संघर्ष में सहयोग करें। बैठक को अन्य महिला पदाधिकारियों ने संबोधित करते हुए संकल्प व्यक्त किया के जनपद में महिला कांग्रेस का संगठन मजबूत है। महिला कार्यकर्ता पार्टी के निर्देश पर किसी भी विधानसभा क्षेत्र मैं सत्तारूढ़ पार्टी के प्रत्याशियों को चुनौती देने के लिए तैयार हैं। इस मौके पर सरोज मौर्य ने नीलम पाठक पुष्पा प्रतिमा दुबे सोफिया बानो व अनुष्का वर्मा मौजूद रहीं।

शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर जन समाज सेवा संस्था द्वारा कराया गया जरूरतमंदों को भोजन

आर एल पाण्डेय लखनऊ। जन समाज सेवा संस्था द्वारा जरूरतमंद लोगों को किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ ट्रामा सेंटर में मरीजों एवं उनके परिजनों को भोजन वितरित किया गया, जन समाज सेवा संस्था समय–समय पर निस्वार्थ जरूरतमंद बेसहारा लोगों की मदद एवं सहायता के कार्य करती रहती है। ट्रामा सेंटर लखनऊ में करा रहे इलाज एवं उनके परिजनों को मदद की बहुत आवश्यकता है। बहुत ऐसे लोग हैं जो भोजन के लिए एवं चाय के लिए बहुत परेशान रहते हैं, ऐसे लोगों की परेशानियों को देखते हुए संस्था भोजन एवं चाय पानी की व्यवस्था करती रहती है, यह कार्य संस्था से जुड़े सभी लोग मिलजुल कर करते हैं। संस्था से जुड़े सभी लोगों का सिर्फ एक ही उद्देश्य है, कि वह अधिक से अधिक लोगों की मदद कर सकें और समाज में जातिवाद धर्म से ऊपर उठकर मानवता की सेवा कर सकें, मानवता की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है, ऐसे कार्यों में सभी देशवासियों को बढ़–चढ़कर आगे आना चाहिए। इस कार्यक्रम में कमलजीत सिंह रंजीत सिंह अनेक सिंह एकता जी सुनील कुमार अग्रवाल बलवंत सिंह मनरीत सिंह जी का विशेष सहयोग रहा।

छात्रवृत्ति व फीस भरपाई के ऑनलाइन आवेदन करने की समय सीमा 25 अक्टूबर तक बढ़ी

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : समाज कल्याण विभाग ने कक्षा ग्यारह–बारह, स्नातक, स्नातकोत्तर कक्षाओं तथा मेडिकल, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, नर्सिंग जैसे अन्य व्यासायिक पाठ्यक्रमों के गरीब व जरूरतमंद छात्र–छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति और फीस भरपाई के लिए आनलाइन आवेदन करने की समय सीमा बढ़ा दी है। इन कक्षाओं व पाठ्यक्रमों में नए दाखिले लेने वाले और अगली कक्षाओं में प्रवेश पाने वाले यह छात्र–छात्राएं 21 अक्तूबर के बजाए 25 अक्तूबर तक आनलाइन आवेदन कर सकेंगे। प्रमुख सचिव के.रवीन्द्र नायक ने मंगलवार को संशोधित समय सारिणी जारी की है। यह जानकारी विभाग के संयुक्त निदेशक पी.के. त्रिपाठी ने दी है। उन्होंने बताया कि यह संशोधित समय सारिणी अनुसूचित जाति–जनजाति, सामान्य, ओबीसी और अल्पसंख्यक सभी वर्ग के छात्र–छात्राओं के लिए लागू होगी। उन्होंने बताया कि इन कक्षाओं व पाठ्यक्रमों के छात्र–छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन करने की समय सीमा पहले 21 अक्तूबर तक तय की गई है जिसे अब बढ़ा कर 25 अक्तूबर कर दिया गया है। इसके बाद छात्र–छात्रा द्वारा किए गए आनलाइन आवेदन में हुई त्रुटियों जैसे हाईस्कूल, इण्टर के रोल नम्बर तथा आय, जाति प्रमाण पत्र के क्रमांक और आवेदन के क्रमांक को संशोधित करने और उसे राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र लखनऊ द्वारा छात्रवृत्ति के पोर्टल पर स्टूडेण्ट सेक्शन में प्रदर्शित करने के लिए छात्र–छात्रा द्वारा आनलाइन आवेदन पूरे करने और फाइनल प्रिण्ट आउट निकालने से तीन कार्य दिवसों का समय तय किया गया था, जिसे अब दो कार्य दिवस कर दिया गया है।आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी छात्र–छात्राओं द्वारा सभी जरूरी संलग्नकों सहित शिक्षण संस्था में जमा करने की अंतिम तारीख अब 25 अक्तूबर से बढ़कर 27 अक्तूबर कर दी गयी है। छात्र–छात्रा द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी व संलग्न दस्तावेजों से छात्र–छात्रा के सभी ब्यौरे का शिक्षण संस्थन द्वारा मिलान करने और आनलाइन आवेदन प्राप्त करने, सत्यापित व अग्रसारित करने की तारीख 28 अक्तूबर ही रहेगी। इस समय सारिणी में शिक्षण संस्थानों को भी राहत दी गई है। अभी ऐसे कई शिक्षण संस्थान बचे रह गए थे जिनके यहां दाखिले की प्रक्रिया, मान्यता या सम्बद्धता का नवीनीकरण आदि की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पायी थी। अब ऐसे संस्थानों को भी मोहलत दी गयी है। सारिणी के अनुसार प्रदेश में स्थित मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों द्वारा मास्टर डेटा बेस में शामिल होने के लिए आवेदन करने की कार्यवाही शिक्षा विभाग के जरिए किए जाने, जिला समाज कल्याण अधिकारी से पासवर्ड प्राप्त करने, नई संस्थाओं और मास्टर डाटा में सम्पूर्ण सूचनाएं भरकर अपलोड कर डिजिटल हस्ताक्षर से प्रमाणित करने, सभी संस्थाओं के पाठ्यक्रम का प्रकार, पाठ्यक्रम वार कुल सीटों की संख्या, सक्षम स्तर से तय शुल्क, पाठ्यक्रमवार पूर्णांक, ऐफिलियेटिंग एजेंसी, विश्वविद्यालय के नाम आदि सूचनाओं को अंकित करने, अपडेट करके डिजिटल हस्ताक्षर से प्रमाणित करने की समय सीमा जो पहले 17 सितम्बर से 27 सितम्बर तक थी अब उसे बढ़ाकर 19 अक्तूबर से 21 अक्तूबर तक कर दिया गया है।

जिलाधिकारी ने जर्जर सड़क की मरम्मत के लिए दिए गए शिकायती पत्र पर नही लिया संज्ञान

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : राष्ट्रीय राजमार्ग से भेलसर होते हुए दर्जनों गांवों को जोड़ने वाली खस्ताहाल जर्जर सड़क की मरम्मत कराए जाने को लेकर एक माह पहले भेलसर गांव निवासी सादअख्तर ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर जर्जर सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग की थी।जिसपर सम्बंधित विभाग पीडब्लूडी के अधिशासी अभियन्ता ने शिकायतकर्ता को जर्जर सड़क दुरुस्त कराने के सम्बन्ध में लिखित पत्र भेजकर अवगत कराया था कि जर्जर सड़क जल्द दुरुस्त कर दी जाएगी।लेकिन सम्बंधित विभाग द्वारा अभी तक इस जर्जर सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू नहीं किए जाने से नाराज दर्जनों ग्रामीणों ने सोमवार को इस जर्जर सड़क की शीघ्र मरम्मत कराए जाने के लिए मुख्यमंत्री को सम्बोधित शिकायती पत्र एसडीएम रुदौली को सौंपा।ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क रुदौली तहसील व रुदौली विकास खण्ड से चंद कदम की दूरी पर ग्राम पंचायत भेलसर के पास से निकले राष्ट्रीय राजमार्ग से भेलसर गांव होते हुए रहीमगंज, नकछेदपुर, धौरहरा, हलीमंगर, नईसरांय, देवकली का पुरवा ममरेजनगर, जैथरी,महंगू का पुरवा सहित तराई क्षेत्र के दर्जनों गांवों को जोड़ने वाली सड़क की हालत काफी जर्जर हो गई है।इस मार्ग से आने जाने वाले राहगीरों को खस्ताहाल सड़क पर चलने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। भेलसर गांव निवासी महताब आलम ने बताया कि दर्जनों गांवों को जोड़ने वाली इस सड़क से बालू माफियाओं द्वारा ट्रकों व डंफरों में बालू लादकर इसी सड़क से होकर निकलने से यह सड़क जर्जर हो गई जिसकी मरम्मत कराए जाने की जिलाधिकारी से शिकायत की गई थी जिसकी अभी तक मरम्मत नहीं कराई गई जिस पर विद्यालय आने जाने वाले बच्चों व राहगीरों चुटहिल भी हो चुके हैं।साद अख्तर ने बताया की बालू लादकर बड़े बड़े ट्रक व डम्फरों के आवागमन से इस सड़क की अति दयनीय व जर्जर हालत हो गई है जिस पर राहगीरों का चलना मुश्किल हो गया है। गांव निवासी मोहम्मद जफर ने बताया कि खनन माफियाओं द्वारा गांव से कुछ दूरी पर ही एक खेत मे बालू डंप कर रखा है जो इसी रास्ते बालू लादकर ले जाते हैं जिससे यह सड़क अति जर्जर हो गई है जिसपर चलना खतरे से खाली नहीं।जफर ने बताया कि जिलाधिकारी को इस सम्बंध में शिकायती पत्र दिया गया था लेकिन इस जर्जर सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई और न ही बालू माफियाओं को इस सड़क पर रोका गया।जिससे नाराज ग्रामीण महताब आलम, सादअख्तर, अजीजुल हसन, सुफियान, फैजानशेख, मोहम्मद सैफ, शाकिब, वजहुल, अबरार अहमद, राम सुरेश, अंकित कुमार, मोहम्मद वसीम, श्रीचंद गुप्ता, हबीब अहमद, रामराज, जाबिर, मुफीद, मोबिन, उजैर अहमद, इरशाद, तौसीफ सहित दर्जनों ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित शिकायती पत्र एसडीएम रूदौली स्वपलिन यादव को सौंपा।एसडीएम स्वप्नील यादव ने बताया कि मांगपत्र प्राप्त हुआ है जल्द कार्यवाही की जायेगी।

खेत मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष हुए हाउस अरेस्ट

अयोध्या संवाददाता डॉ. अजय कुमार तिवारी : जनपद के अयोध्या नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत राम घाट स्थित खाले का पुरवा के रहने वाले खेत मजदूर यूनियन जिला अध्यक्ष अखिलेश चतुर्वेदी रेल रोको आंदोलन में शामिल होने के लिए अपने समर्थको के साथ घर से निकलते ही पुलिस टीम में रायगंज चौकी इंचार्ज राम प्रकाश मिश्रा अपने हमराहियो के द्वारा हाउस अरेस्ट कर दिया जिला अध्यक्ष अखिलेश चतुर्वेदी ने कहा कि लखीमपुर खीरी में अन्नदाताओं को गाड़ी से कुचलने के मामले में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा का इस्तीफा सरकार ने नही ले रही है इससे साबित होता है सरकार अपराधियों को बचाने में लगी है मुझे हाउस अरेस्ट करने से ये आन्दोलन समाप्त नहीं होगा आने वाले 2022के चुनाव में भाजपा को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा इस अवसर पर राज कपूर , अमर जीत पवन कुमार, जगजीवन श्रीचंद रीता शामिल रहे।

कर्तव्यों संग नारी भर रही है उड़ान,नए समाज की नारी की अब नई पहचान

अयोध्या संवाददाता डॉ. अजय कुमार तिवारी : पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के विशेष अभियान "मिशन शक्ति" के तृतीय चरण में जनपद के थानों क्षेत्रान्तर्गत में महिलाओं / बालिकाओं की सुरक्षा से संबंधित जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाया गया। यूपी पुलिस की सेवाओं जैसे शोमैन पावर लाइन –1090, 181, 112, सीएम हैल्पर लाइन –1076 आदि के बारे मे जागरूक कर पम्पलेट वितरित किया गया व साइबर क्राइम के बारे मे छात्राओं को जागरूक किया गया। "मिशन शक्ति" महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत अयोध्या में छात्राओं को महिला संबंधित घटित हो रहे अपराधों के संबंध में जागरूक किया गया। सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों 1090(वूमेन पावर लाइन), 181(महिला हेल्प लाइन), 108 (एम्बुलेंस सेवा), 1076 (मुख्यमन्त्री हेल्पलाइन), 112(पुलिस आपातकालीन सेवा), 1098(चाइल्ड हेल्पलाइन), 102(स्वास्थ्य सेवा), आदि सेवाओं का प्रचार प्रसार किया गया व नारी सुरक्षा संबंधी बचाव हेतु टिप्स दिए गए। नारी सुरक्षा, नारी जागरूकता व नारी स्वावलंबन हेतु कार्यक्रम में उपस्थित समस्त को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जागरूकता अभियान चलाया गया। साइबर क्राइम से संबंधित जानकारी भी दी गई।

शिक्षा से ही होता है प्रतिभाओं का विकास– कुंवर अभिमन्यु सिंह

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : समाजवादी पार्टी के तेजतर्रार युवा नेता अभय यादव दद्दा को मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष घोषित किया गया है। मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह ने सूची जारी करते हुए राष्ट्रीय कार्यकारिणी गठित की है, उसी के अनुसार अयोध्या के समाजवादी युवा नेता अभय यादव दद्दा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उनसे अपेक्षा की है कि वह पार्टी के प्रचार प्रकार के साथ आगे ले जाने का कार्य करेंगे। इस महत्वपूर्ण पद को प्राप्त करने पर अभय यादव ने कहा कि आने वाले चुनाव में समाजवादी पार्टी तीन सौ पार सीटें जीतकर अपनी सरकार उत्तर प्रदेश में बनाएगी और भाजपा को बाहर का रास्ता दिखाएगी। जिसके लिए वह पहले से ही समाजवादी पार्टी से युवाओं, वृद्धों और महिलाओं को जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। जिसके लिए निरंतर जनता के बीच जाकर समाजवादी पार्टी के द्वारा किए गए कार्यों का प्रचार–प्रसार भी अपनी टीम के साथ करते आए हैं। श्री यादव ने कहा कि हमारे नेता पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश अखिलेश यादव व हमारे पिता तुल्य मुलायम सिंह यादव ने जो रास्ता हम युवाओं को दिखाया है हम उस पर निरंतर आगे बढ़ेंगे और समाजवादी पार्टी का परचम लहराएंगे। मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर जिले सहित प्रदेश के पदाधिकारियों युवा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए मिठाईयां बांट कर अपनी खुशी का इजहार किया। श्री यादव के आवास पर निरंतर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। यादव के शपथ ग्रहण करने के उपरांत जनपद आगमन पर जगह–जगह स्वागत एवं सम्मान समारोह करने की योजना बनाई जा रही है।

जामा मस्जिद मया बाजार से निकाला गया जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व जुलूस –ए–मोहम्मदी

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : सुबह 8 बजे से ही मया बाजार जामा मस्जिद के पेश इमाम हजरत मौलाना मोहम्मद मुस्तकीम कादरी साहब की सरपरस्ती में जुलूस –ए– मोहम्मदी का जुलूस मदरसा अरबिया शम – उल–उलूम कनकपुर मया बाजार से बड़ी ही शानों – शौकत के साथ गुलिस्ता साल की तरह इस साल भी कोविड – 19 कोरोना वायरस के नियमों का पालन करते हुये निकाला गया । जुलूस जामा मस्जिद मया बाजार से निकलने के बाद द्वापर स्कूल से होते हुये मया भीखी गाँव को घुमाकर पुनः जामा मस्जिद मया बाजार में आकर खत्म हुआ। और उसके बाद सलातों सलाम पढ़ने के बाद फातिहा हुआ और उसके बाद दुआ में मुल्क में अमन – चौन कायम रहने वा मुल्क की सलामती के लिये दुआ माँगी गई। और जामा मस्जिद के पेश इमाम हजरत मौलाना मोहम्मद मुस्तकीम कादरी साहब ने बताया कि ईदों की ईद ईद मिलादुन्नबी सरवर –ए–कायनात नबी –ए–पाक हजरत मोहम्मद मुस्तफा (स.)की यौमे –ए– पैदाइश 12 रबीउल अव्वल को सुबह सादिक के वक्त हुआ था।इसलिये उनके यौमे –ए– पैदाइश के आमद की खुशी में जश्ने ईदमिलादुन्नबी का पर्व मनाया जाता हैं।इस अवसर पर मास्टर मुबारक अली इदरीशी , गुलाम मोहम्मद हुसैन, मोहम्मद कैफ इदरीशी,वारिस अली, मोहम्मद नईम, अजमत अली , हसमत अली , शमसुद्दीन, मोहम्मद अली उर्फ लोदर सहित बड़ी संख्या में लोगों ने जुलूस – ए– मोहम्मदी की जिम्मेदारी सँभाली।

श्रद्धा एवं विश्वास का सम्मिलन है शिव–पार्वती विवाह –साध्वी स्मिता

अयोध्या संवाददाता डॉ. अजय कुमार तिवारी : भगवान शंकर और पार्वती जी के विवाह का प्रसंग बहुत मंगलकारी है। जो इस कथा को सुनता है, उसके सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं। शिव पुराण में इसकी अति महत्ता बताई गई है। उक्त बातें रामकथा का रसपान कराते हुए साध्वी स्मिता दीदी जी ने कही। पूज्य संत ब्रह्मर्षि एवं वशिष्ठ पीठाधीश्वर डॉ. रामविलास वेदांती जी के सानिध्य एवं पूज्य महराज डॉ. राघवेश दास वेदांती के मार्गदर्शन में नारायण आश्रम के लग्न मंडप में चल रही श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथा व्यास साध्वी स्मिता दीदी ने कहीं। उन्होंने कहा कि शिव–पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया। उनका कहना था कि जीवन रुपी नैया को पार करने के लिए रामनाम ही एक मात्र सहारा है। भगवान शिव ने सबसे पहले सती से विवाह किया था। भगवान शिव का यह विवाह बड़ी जटिल परिस्थितियों में हुआ था। सती के पिता दक्ष भगवान शिव से अपने पुत्री का विवाह नहीं करना चाहते थे लेकिन ब्रह्मा जी के कहने पर यह विवाह सम्पन्न हो गया। एक दिन राजा दक्ष ने भगवान शिव का अपमान कर दिया जिससे नाराज होकर माता सती ने यज्ञ मण्डप में योगाग्नि के द्वारा अपने शरीर का त्याग कर दिया। इस घटना के बाद भगवान शिव तपस्या में लीन हो गए। उधर माता सती ने हिमांचल के यहां पार्वती के रूप में जन्म लिया। उधर माता पार्वती के जन्म के उपरांत नारदमुनी राजा के यहां पहुँचे। उन्हें संकेत में सब कुछ बता दिया। माता कुछ वर्षों बाद तप को चली गयी और वह अवसर भी आया जब भगवान शंकर के बारात के साथ देवगण हिमाचल के यहां पहुंचते हैं। हिमाचल उनकी आवभगत करते हैं। बारात तो विलक्षण ही थी। ऐसी बारात न किसी ने देखी और न देखेंगे। मदमस्त शिव के गण, कोई मुखहीन, कोई अधिक मुख वाला, दूल्हा रूप में शंकर जी, लेकिन सांसारिक नहीं। वह अविनाशी और प्रलंयकर के रूप में थे। सब कहने लगे, दूल्हा भी कभी ऐसा होता है क्या। गले में सर्पहार शरीर पर भस्म लपेटे हुए। उनको क्या पता था कि वह दूल्हे को नहीं बल्कि साक्षात शंकर जी के दर्शन कर रहे हैं। तीन दिन तक बारात ने वहां प्रवास किया। अब तो बारात कुछ घंटों की होती है। शास्त्रीय परंपरा के अनुसार तब बारात कई दिन ठहरती थी। सारे मंगल कार्य विधि विधान से संपन्न हुए। शिव–पार्वती के विवाह की कथा सुन महिलाओं ने मंगल गीत गाकर खुशियां मनाई। इस अवसर पर बाँदा पूर्णिया अररिया पटना और स्थानीय श्रोतागण उपस्थित रहे।

प्रभु श्री राम मंदिर मंदिर की प्रकाश व सुरक्षा व्यवस्था होगी हाईटेक,निर्माण समिति की बैठक में खाका हुआ तैयार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या में हो रहे राम मंदिर निर्माण को लेकर राममंदिर निर्माण समिति की बैठक में इंजीनियरों ने राममंदिर की हाईटेक प्रकाश व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नृपेंद्र मिश्र व ट्रस्ट के पदाधिकारियों के समक्ष अपना प्रजेंटेशन दिया।इस बैठक में चर्चा हुई कि राममंदिर की प्रकाश व सुरक्षा व्यवस्था हाईटेक हो।तकनीक का अधिक से अधिक इस्तेमाल किया जाए। बिजली के लिए तारों का उपयोग नहीं किया जाएगा।श्री राममंदिर निर्माण समिति की बैठक के दूसरे दिन मंगलवार को राममंदिर की सुरक्षा व प्रकाश व्यवस्था पर गहन मंथन हुआ। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र की अध्यक्षता में दो पालियों में बैठक की गई।इस बैठक में इंजीनियरों ने राममंदिर की हाईटेक प्रकाश व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नृपेंद्र मिश्र व ट्रस्ट के पदाधिकारियों के समक्ष अपना प्रजेंटेशन दिया।चर्चा हुई कि राममंदिर की प्रकाश व सुरक्षा व्यवस्था हाईटेक हो, तकनीक का अधिक से अधिक इस्तेमाल किया जाए। बिजली के लिए तारों का उपयोग नहीं किया जाएगा।मंदिर निर्माण समिति की दूसरे दिन की बैठक समाप्त होने के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि दो दिनों के भीतर मंदिर की भव्यता, सुरक्षा सहित आधुनिक तकनीक के प्रयोग को लेकर चर्चा हुई है।पूरे मंदिर में किस तरह प्रकाश व ध्वनि की व्यवस्था हो। विशेष अवसरों पर मंदिर की प्रकाश व्यवस्था भी विशेष हो।खासकर रामजन्मोत्सव के दिन पूरा मंदिर किस रंग में प्रकाशमय हो इसको लेकर इंजीनियरों के साथ गहन मंथन किया गया।उन्होंने बताया कि तय हुआ है कि राममंदिर की प्रकाश व सुरक्षा व्यवस्था में अधिक से अधिक आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया जाएगा। मंदिर में 24 घंटे भजन की ध्वनि गूंजती रहेगी।बिजली के लिए तारों का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। जिस तरह से साउंड सिस्टम बेतार होता है कुछ इसी तरह मंदिर की प्रकाश व्यवस्था को लेकर चर्चा हुई है। सुरक्षा के लिए मैन पॉवर का अधिक उपयोग करने के बजाए आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल पर जोर दिया गया है।वही मंदिर के आर्किटेक्ट आशीष सोमपुरा के साथ आए इंजीनियरों ने इसके लिए नृपेंद्र मिश्र के समक्ष प्रजेंटेशन दिया है। बैठक में शामिल राममंदिर के ट्रस्टी डॉ.अनिल मिश्र ने कहा कि राममंदिर करोड़ों भक्तों की भावनाओं के अनुरूप बने, इसलिए छोटे–छोटे पहलुओं पर समीक्षा की जाती है। राममंदिर न सिर्फ भव्यता की मिसाल होगा बल्कि तकनीक के मामले में भी देश के चुनिंदा मंदिरों में इसकी गणना होगी ऐसी ट्रस्ट की मंशा है। बैठक में एलएंडटी, टाटा कंसल्टेंसी सहित अन्य एजेंसियों के एक्सपर्ट व इंजीनियर मौजूद रहे।राममंदिर परिसर में प्रवेश करते ही भक्तों को राममय माहौल लगे, धार्मिकता का अहसास हो इसके भी इंतजाम किए जा रहे हैं। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि इसके लिए पूरे मंदिर सहित प्लिंथ व परकोटा में मूर्तियां उकेरी जाएंगी। आईकोनो ग्राफी तकनीक से रामकथा सहित भिन्न–भिन्न कलाकृतियों का चित्रण राममंदिर की अलग–अलग दीवारों पर किया जाएगा।इस मौके पर दशावतार, नवग्रह, शक्तिपीठ आदि के चित्रण सहित हमारे शास्त्रों व पौराणिक ग्रंथों में मंदिर में बनने वाली मूर्तियों का जो वर्णन है उस पर चर्चा हुई है। ऐसे ग्रंथों की एक लिस्ट भी तैयार की गई है। बताया कि रामनवमी के दिन सूर्य की किरणें रामलला का अभिषेक करें, उनके मुख को प्रकाशित करें इसके लिए अंतरिक्ष विज्ञानी शोध करने में जुटे हैं।

पत्रकारों को भी मिले पेंशन – संतोष भगवन

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : पत्रकार के हितों के लिए हर प्रकार की लड़ाई लड़ी जा रही हैं और शासन स्तर पर हमारी मांगों के परिपेक्ष्य में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने के विषय पर गंभीरता से कार्य हो रहा है। दूसरे राज्यों की भांति उत्तर प्रदेश में भी पत्रकारों को पेंशन का लाभ देने के लिए भी शासन से लगातार पत्राचार किया जा रहा है । संगठन को पूर्ण विश्वास है कि हमारी उक्त मांगे पूर्ण कर दी जाएंगी। यह बातें यूपी जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन के प्रांतीय संगठन मंत्री संतोष भगवन ने नगर स्थित गुरुदेव पैलेस में पत्रकारों के मध्य व्यक्त किये। इसके पहले संगठन के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी की अगुवाई में महामंत्री डीके तिवारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष जेपी गुप्ता उपाध्यक्ष राकेश वैद व बिस्मिल्लाह खान के द्वारा उनके सपत्नीक जनपद आगमन पर नाका बाईपास स्थित गुरु देव पैलेश में भव्य स्वागत किया गया। संतोष भगवन ने बताया कि संगठन ने प्रदेश के पत्रकारों के हित के लिए निरंतर संघर्ष किया है और उसके परिणाम भी अपेक्षित रहे हैं । हमारी शासन से पत्रकार सुरक्षा कानून , पत्रकार को पेंशन एवं तहसील स्तर पर भी पत्रकारों को मान्यता देने की मांग निरंतर की जा रही है । यदि स्थितियां सामान्य रही तो अपने मांगों के समर्थन में शीघ्र ही प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अयोध्या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विख्यात है और उसी गरिमा के अनुरूप जिला संगठन भी अच्छा कार्य कर रहा है । जिले के पदाधिकारियों को धन्यवाद भी ज्ञापित किया और कहा कि जिले की कमेटी को निरंतर हमारा सहयोग मिलता रहेगा। प्रदेश अध्यक्ष श्री रतन दीक्षित का भी जनपद में शीघ्र आगमन होगा जिसकी रूपरेखा तय की जा रही है। प्रदेश कार्यसमिति का भी विचार है कि अयोध्या से एक संदेश जाना चाहिए कि हम सभी पत्रकार एक होकर पत्रकार के हितों की लड़ाई में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

अयोध्या में 52 सौ वर्ग मीटर भूमि पर बनेगा आधुनिक सुविधाओं से लैस फायर स्टेशन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) भगवान श्री राम की धर्मनगरी अयोध्या में हो रहे भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण को देखते हुए इसे पर्यटन के क्षेत्र में आधुनिक रूप से विकसित किया जा रहा है।जिसके चलते केंद्र व प्रदेश सरकार की मंशा इसे देश के सबसे खूबसूरत धार्मिक नगरी बनाने की है।सूत्र के मुताबिक वहीं अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं व पर्यटकों की संख्या को देखते हुए शासन ने अयोध्या में नया अग्निशमन केंद्र बनाने का निर्णय लिया गया है।इसके निर्माण से अयोध्या व आसपास आग से होने वाली दुर्घटनाओं पर शीघ्र काबू पाया जा सकेगा।जिससे समय रहते आग से जन व धन दोनों को बचाया जा सके।मालुम हो कि इसके लिए सरकार ने राम नगरी अयोध्या स्थित मणि पर्वत के पास 52 सौ वर्ग मीटर जमीन भी अग्निशमन विभाग को उपलब्ध करा दी है।जिसमे यहाँ पर बनने वाला फायर स्टेशन आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा।जिससे आसपास अग्निकाण्डो को त्वरित काबू किया जा सके।वहीं, शहर के बीच में स्थापित कोतवाली अयोध्या को भी निर्मित होने वाले फायर स्टेशन के सामने स्थानांतरित किया जाएगा।सूत्र के मुताबिक इसके लिए उसे भी चार हजार वर्ग मीटर जमीन उपलब्ध कर दी गई है।मालूम हो कि बहुत दिनो से अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण के साथ यहां पर एक आधुनिक फायर स्टेशन स्टेशन की आवश्यकता जताई जा रही थी। इसको देखते हुए अब शासन ने निर्णय लिया है।शासन द्वारा भेजे गए पत्र के अनुसार अयोध्या शहर के बाग विजैसी इलाके में नजूल की 52 सौ वर्ग मीटर जमीन अग्निशमन विभाग को निशुल्क आवंटित की गई है।यहां पर दो यूनिट का फायर स्टेशन का निर्माण शीघ्र ही प्रारंभ होगा।इस नवनिर्मित होने वाले भवन में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।इसमें प्रशासनिक भवन, बैरक, स्वीपर रूम, चौकीदार कक्ष भी होगा।वही कर्मचारियों के लिए आवास की भी सुविधा यहां उपलब्ध रहेगी।परिसर में दमकल वाहन खड़ा करने की पर्याप्त व्यवस्था होगी।पानी भरने के लिए नलकूप की बोरिंग भी कराई जाएगी। फायर स्टेशन में आग से बचाव के व्यापक इंतजाम होंगे।आग बुझाने के हाईटेक यंत्र होने से किसी भी हादसे से निपटा जा सकेगा।वही उन्होंने बताया कि कहा कि, सुरक्षा की दृष्टि से अतिसंवेदनशील श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को देखते हुए पूर्व में ही दोराही कुएं के पास एक अस्थाई फायर स्टेशन का निर्माण किया गया था।इसके अलावा परिसर में फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां हमेशा तैनात रहती हैं। वहीं, अब इस आधुनिक फायर स्टेशन बनने से मंदिर समेत पूरी अयोध्या व आसपास के इलाकों में आग से होने वाली दुर्घटनाओं पर काबू पाया जा सकेगा।इस स्टेशन के लिए भूमि आवंटित करने का पत्र प्राप्त हुआ है। धन आवंटित होते ही इसका कार्य शुरू हो जाएगा। शहर के मध्य में स्थित अयोध्या कोतवाली के भवन को अन्य किसी स्थान पर स्थापित करने की कवायद काफी दिनों से चल रही है। पूर्व में सरयू स्थित कच्चे घाट पर नई कोतवाली बनाने के लिए प्रयास भी किया गया।अब इसका निर्माण बाग विजैसी में किया जाएगा। इसके लिए फायर स्टेशन के लिए दी गई जमीन के सामने करीब चार हजार वर्ग मीटर जमीन पुलिस प्रशासन को उपलब्ध करा दी गई है।यहां पर आवासीय, कार्यालय, बैरक, पार्किंग व बंदी गृह का निर्माण कराया जाएगा।

अल्पसंख्यक मोर्चा के बैनर तले जुलूसए मोहम्मदी का किया गया स्वागत

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : हर साल की भांति इस साल भी कोरोना की गाइडलाइन को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा बताए गए नियमों का पालन करते हुए टटशाह मस्जिद चौक से मोहम्मद साहब की जन्मदिन के मौके पर जुलूसए मोहम्मदी निकाला गया जिसमें टाटशाह मस्जिद के इमाम व कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे जगह जगह जुलूसए मोहम्मदी का स्वागत भी किया गया वही रिकाबगंज चौराहे पर अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के प्रतिनिधि के रूप में मौजूद अमल गुप्ता ने अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अशफाक हुसैन जिया के साथ मिलकर जिला महानगर अल्पसंख्यक मोर्चा के बैनर तले जुलूसए मोहम्मदी का स्वागत किया और आपस में भाईचारे का संदेश दिया इस मौके पर जिला अध्यक्ष आसिफ अंसारी, महामंत्री मोनू मिर्जा व शगुन उपाध्यक्ष नफीस ,मंडल अध्यक्ष आलोक द्विवेदी के अलावा पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

सपा ने जयशंकर पांडेय को बनाया प्रदेश उपाध्यक्ष : सपाइयों में खुशी की लहर

अयोध्या संवाददाता डॉ. अजय कुमार तिवारी : समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व विधायक व पूर्व जिला अध्यक्ष जयशंकर पांडेय को सपा प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि समाजवादी पार्टी के स्थापना से पूर्व जयशंकर पांडेय समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव के विश्वास पात्रों में शामिल रहे। इसी के नाते उनको अयोध्या विधानसभा से व कटेहरी विधानसभा से सपा से लगातार टिकट मिलता रहा है। बलराम यादव ने बताया जयशंकर पांडेय के मनोनयन पर पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद, पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय, जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव, पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव, पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी रुश्दी मियां, पूर्व विधायक अभय सिंह सहित तमाम बड़े– छोटे नेताओं ने बधाई दी।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।